प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
Technology Development Board

२१ वां वार्षिक प्रतिवेदन
Twenty First Annual Report

वार्षिक प्रतिवेदन | Annual Report
२०१६-१७ | 2016-17

भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
खण्ड–क, विश्वकर्मा भवन
शहीद जीत सिंह मार्ग,
नई दिल्ली–110016

सत्यमेव जयते

Government of India
Department of Science and Technology
Wing - A, Vishwakarma Bhawan,
Shaheed Jeet Singh Marg,
New Delhi - 110016

विषय–वस्तु

	विषय	पृष्ठ सं.
✧	बोर्ड के सदस्य	108
✧	टीडीबी – वर्ष एक दृष्टि में	113
✧	पूर्वावलोकन	121
✧	परियोजनाएं एवं उत्पाद	133
✧	प्रोन्नति संबंधी गतिविधियां	149
✧	अनुसंधान एवं विकास उपकर	165
✧	प्रशासन	169
✧	वर्ष 2016–17 का लेखा विवरण	173
✧	वर्ष 2016–17 के लिए पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	201

Contents

	Particulars	Page No.
✧	Board Members	108
✧	TDB - Year at a glance	113
✧	Overview	121
✧	Projects and Products	133
✧	Promotional Activities	149
✧	Research & Development Cess	165
✧	Administration	169
✧	Accounts Statement for the year 2016-17	173
✧	Separate Audit Report for the year 2016-17	201

From Secretary's Desk

The year 2016-17 has been a very productive year for TDB! TDB continues its pathway of outreaching and encouraging established & new companies, Startups for funding to upscale and commercialize their products in various sectors. Many new personnel joined bringing in fresh ideas and energy. TDB received close to seventy-five project proposals, out of which fifty were shortlisted and fourteen agreements signed. TDB committed Rs. 275.77 crore against the project cost of Rs. 958.37 crore, maintaining the trend of generating co-investment thrice of TDB's investment. TDB enhanced its capacity of fund-utilization to double that of earlier years with no backlog in on-going projects. The Board met four times during the year and helped in speedy and effective decision-making. The project processing time has been reduced to 2-6 months and TDB officials are providing technical and financial mentoring to each applicant. TDB proactively made efforts to generate projects in critical areas and has been very successful in the area of Medical Devices. An interesting feature in TDB's funding during the year has been its capacity and decision in providing bigger loans in areas of critical national needs wherein indigenous scientific efforts have produced prototypes. TDB provided soft loan of Rs. 109.00 crore in a project costing Rs. 385.00 crore to TATA Power SED group for large scale manufacturing of Defence Products out of technologies licensed from DRDO labs. TDB supplemented funds to the efforts of M/s Biological E, Hyderabad towards fulfilling the national and international need of providing "Pneumococcal Vaccine" to India's National Immunization programme; and to WHO. The Dispute Resolution Committee met eight times and worked in conjunction with the One Time Settlement committee of the Board leading to enhanced recoveries.

TDB participated in many national and international events, exhibitions and held outreach workshops. On the sidelines of the visit of the Hon'ble Prime Minister to African countries, TDB with FICCI demonstrated its technologies in social development space for adoption, technology transfer and up-scaling in Kenya. An agreement was signed with the Economic Development Board of Andhra Pradesh on funding Medical Devices projects in "Medical cluster at Vizag". TDB renewed its agreement with WWF on Green Technologies. TDB also renewed its agreement with the Bpifrance, erstwhile OSEO, France, a public Sector Bank with CEFIPRA as the Management Body.

The INVENT programme initiated with DFID in 2015-16 has started showing results with twenty incubatees lodged in four incubators. The Millennium Alliance platform, a social enterprise conglomerate of TDB, FICCI, USAID, DFID, ICCO Foundation and the World Bank has by far funded 90 enterprises in four rounds. The Global Innovation & Technology Alliance, GITA, a Section 8 company of TDB, in partnership with CII, continues to manage Technology Development, Acquisition, Customization and Deployment activities of many Government and non-Governmental organizations. During the year, GITA forged a new alliance with the DRDO in their Technology Development Fund while expanding its domain with DST, DIPP, MSME and DHI.

TDB conferred the National Awards to many technology commercialization organizations. Hon'ble President of India accorded the awards in two categories. The Board has now decided to introduce a new "Startup Award" from the next year.

The year 2016-17 has been an effective year for TDB on all four fronts i.e. Technical, Legal, Finance and Administration. Being a unique techno-commercial body of the Government, it continues exploring spaces into Cyber security, Electric Mobility, Defence products and Green Energy through networking and collaborative spirit while entering into yet another challenging year!

Dr. Bindu Dey
Secretary, TDB

Vision & Mission



Objectives & Sectors Suppported

Objectives

Sectors Supported

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन
(31 मार्च, 2017)

1.	**प्रो. आशुतोष शर्मा** सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	पदेन अध्यक्ष
2.	**डा. गिरीश साहनी** सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग	पदेन सदस्य
3.	**डा. एस. किस्टोफर** सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग	पदेन सदस्य
4.	**श्री अशोक लवासा** सचिव, व्यय विभाग	पदेन सदस्य
5.	**श्री रमेश अभिषेक** सचिव, औद्योगिक नीति एवं प्रोन्नयन विभाग	पदेन सदस्य
6.	**श्री अमरजीत सिन्हा** सचिव, ग्रामीण विकास विभाग	पदेन सदस्य
7.	**श्री एस. पी. शुक्ला** अध्यक्ष, महिन्द्रा एयरोस्पेश, मुम्बई	सदस्य
8.	**डा. अजय रंका** एम. डी., जाईडेक्स इंडस्ट्रीज, वडोदरा	सदस्य
9.	**श्री जी. श्रीरामाकृष्णा** भूतपूर्व–सीजीएम एसबीआई, सिकन्दराबाद	सदस्य
10.	**श्री प्रदीप गोयल** अध्यक्ष, प्रदीप मेटल्स लिमिटेड, नवी मुम्बई	सदस्य
11.	**डा. बिन्दु डे** सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड	पदेन सदस्य (सदस्य सचिव)

बोर्ड के सदस्यों की फोटोग्राफ
(31 मार्च, 2017)

प्रो. आशुतोष शर्मा
अध्यक्ष एवं सचिव, डीएसटी

डॉ. गिरीश साहनी

डॉ. एस क्रिस्टोफर

श्री अशोक लवासा

श्री रमेश अभिषेक

श्री अमरजीत सिन्हा

श्री एस. पी. शुक्ला

डॉ. अजय रंका

श्री जी. श्रीरामाकृष्णा

श्री प्रदीप गोयल

डा. बिन्दु डे

श्री अशोक लवासा ने 2 मई, 2016 से सचिव, व्यय विभाग का कार्यभार श्री रतन पी. वतल के स्थान पर संभाला, श्री अमरजीत सिन्हा ने 1 अगस्त, 2016 से सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का कार्यभार श्री जे. एस. माथुर के स्थान पर संभाला।

टीडीबी – वर्ष एक दृष्टि में

वर्ष 2016–17 प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के लिए बहुत उत्पादक रहा क्योंकि विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ वित्तीय सहायता के लिए 14 करार किया गया। इन करारों के माध्यम से टीडीबी ने 958.37 करोड़ रू. की कुल परियोजना लागत में से 275.77 करोड़ की प्रतिबद्धता की। टीडीबी की सहायता में रक्षा, चिकित्सकीय उपकरण, स्वास्थ्य, अभियांत्रिकी और सूचना प्रौद्योगिकी आदि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।

वर्ष 2016–17 में प्राप्त आवेदन

वर्ष 2016–17 के दौरान टीडीबी ने विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से 2788.20 करोड़ रू. की कुल परियोजना लागत में से 1128.31 करोड़ रू. की वित्तीय सहायता के लिए कुल 71 आवेदन प्राप्त किया। इनमें से लगभग 50 प्रस्तावों को वित्तीय सहायता के लिए अग्रिम कार्रवाई हेतु उचित पाया गया। जहां, 14 प्रस्तावों में करार पर हस्ताक्षर किया गया, अन्य प्रसंस्करण के विभिन्न चरण में हैं।

71 आवेदनों का राज्यवार वितरण निम्नलिखित है:–

(करोड़ रु. में)

क्र.सं0	राज्य / संघ शासित प्रदेश	आवेदनों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	आंध्र प्रदेश	11	696.39	201.88
2	कर्नाटक	19	340.44	157.01
3	हरियाणा	4	32.75	15.26
4	मध्य प्रदेश	1	39.80	19.90
5	केरल	1	3.92	1.00
6	महाराष्ट्र	7	782.79	377.64
7	तमिलनाडु	6	106.51	46.97
8	तेलंगाना	1	11.49	3.00
9	पंजाब	2	50.37	8.82
10	गुजरात	5	497.96	161.71
11	उत्तर प्रदेश	3	22.60	11.12
12	गोवा	1	0.00	0.00
13	पश्चिम बंगाल	1	7.06	4.00
14	दिल्ली	7	194.82	118.5
15	झारखंड	1	1.30	0.50
16	अन्य	1	0.00	1.00
	कुल	71	2788.20	1128.31

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्य टीडीबी से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने में सबसे आगे हैं।

क्षेत्र–वार प्राप्त आवेदनों का वितरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु. में)

क.सं0	सेक्टर	आवेदनों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	कृषि	15	537.67	310.52
2	टेक्सटाईल	1	5.25	2.09
3	इंजीनियरिंग	5	289.74	123.17
4	रक्षा	1	385.00	109.00
5	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	28	1269.20	479.72
6	सूचना प्रौद्योगिकी	2	11.60	6.00
7	दूरसंचार	7	100.92	56.84
8	इलेक्ट्रॉनिक्स	1	9.60	4.00
9	केमिकल	4	40.42	16.51
10	नैनो विज्ञान	3	12.76	2.61
11	ऊर्जा एवं अपशिष्ट उपयोग	1	33.19	15.00
12	अन्य	3	92.85	2.85
	कुल	71	2788.20	1128.31

प्राइवेट लिमिटेड एवं पब्लिक लिमिटेड कंपनियों इत्यादि से प्राप्त आवेदनों को नीचे की तालिका में देखा जा सकता है:

(करोड़ रु. में)

श्रेणी	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियॉ	44	1450.22	558.32
पब्लिक लिमिटेड कम्पनियॉ	17	1280.37	532.68
अन्य	10	57.61	37.31
कुल	71	2788.20	1128.31

नए उत्पाद एवं सेवाएं

वर्ष के दौरान, टीडीबी ने नवोन्मेषी प्रौद्योगिकीयों के विकास एवं वाणिज्यीकरण हेतु निम्नलिखित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 14 नये करारों पर हस्ताक्षर किए :

- मैसर्स एम्पेरे विहाईकल्स प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के जरूरी भाग जैसे कि मोटर, चार्जर, कन्ट्रोलर, डीसी–डीसी कन्वर्टर का स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स पेनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा स्वदेशी मेडिकल लाईनेक के उत्पादन लाईन की स्थापना एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स सहजानन्द लेजर टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गांधीनगर द्वारा फाईवर लेजर सिस्टम का वाणिज्यीकरण
- मैसर्स सोनोडाईन टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, कोलकाता द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक ऑडियो सेगमेंट्स के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान
- मैसर्स बायोलॉजिकल ई लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा न्यूमोकोकल वेक्सीन के लिए मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी
- मैसर्स सेन्विता बायोटेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा पशु चिकित्सा में प्रयोग के लिए पैर–एवं–मुंह की बिमारियों (एफएमडी) वैक्सीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स टाटा पावर कम्पनी लिमिटेड – स्ट्रेटजिक इंजीनियरिंग डिवीजन (टाटा पावर–एसईडी), बैंगलोर द्वारा वेमागल इंडिस्ट्रियल क्षेत्र, कोलर डिस्ट्रिक्ट, कर्नाटका के 50 एकड़ जमीन पर डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग फैसिलिटी की स्थापना
- मैसर्स सॉफ्टटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड, पूणे द्वारा रूल बड्डी उत्पाद (पहले "आर्थीटीएक्स") का विकास एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स टर्मिनस सर्किट्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा हाई स्पीड सिरियल लिंक उत्पादों का वाणिज्यीकरण
- मैसर्स रेनालिक्स हेल्थ सिस्ट्म्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक सस्ते कनेक्टेड हेमोडायलिसिस मशीन का विकास
- मैसर्स इनर्गोस टेक्नोलॉजिज प्राईवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा उर्जा की आदतों का बदलाव
- मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रिक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर द्वारा पोर्टेबल एक्स–रे मशीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स डायबेटोमिक्स मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा मधुमेह की निगरानी के लिए नया, अभिनव, प्वाइंट ऑफ केयर नैदानिक परीक्षण का विकास एवं वाणिज्यीकरण
- मैसर्स सिस्टमेंटिक्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा औद्योगिक रोबोट्स का डिजाईन, विकास एवं उत्पादन

संवितरण

वर्ष 2016–17 के दौरान, चालू एवं नई परियोजनाओं और स्कीमों के लिए 110.68 करोड़ रु. की राशि का संवितरण किया गया। इस राशि में ऋण के रुप में 99.80 करोड़ रु., इक्विटी में निवेश के रूप में 0.47 करोड़ रू., अनुदान के रूप में 5.80 करोड़ रू. और वीसीएफ में निवेश के लिए 4.61 करोड़ रु. शामिल हैं।

पूरी की गई परियोजनाएं

टीडीबी द्वारा सहायता प्राप्त किसी भी कम्पनी ने वर्ष 2016–17 के दौरान अपनी परियोजना को पूर्ण घोषित नही किया।

ऋण चुकौती का निपटान

इस वर्ष, टीडीबी से सहायता प्राप्त निम्नलिखित कम्पनियों ने अपनी ऋण राशि का भुगतान किया और करार के अनुसार अपनी ऋण लेखाओं का निपटान किया:

- मैसर्स रोटोफिल्ट इंजीनियर्स लिमिटेड, अहमदाबाद
- मैसर्स सेमिक्स रिसर्च मैटेरियल प्राईवेट लिमिटेड, बरेली (यूपी)
- मैसर्स सहजानन्द लेजर टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गांधीनगर, गुजरात
- मैसर्स उर्मी सिस्ट्म्स प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद
- मैसर्स वेरिक्स टेक्नोलॉजिज प्राईवेट लिमिटेड, चेन्नई
- मैसर्स जेन टेक्नोलॉजिज लिमिटेड, हैदराबाद
- मैसर्स रविन्द्रनाथ जीई मेडिकल एसासिएट्स प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद
- मैसर्स एंजल्स हेल्थ प्राईवेट लिमिटेड, नवी मुम्बई
- मैसर्स सेन्जाईम लिमिटेड, हैदराबाद
- मैसर्स सॉफ्टटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड, पूणे

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रौद्योगिकी दिवस 2016 का आयोजन 11 मई, 2016 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "स्टार्टअप इंडिया के लिए प्रौद्योगिकी समर्थक" की थीम के साथ किया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और डॉ. हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटीडी) के स्मीता रिसर्च लैब और अन्तराष्ट्रीय रिसर्च सेंटर फॉर पॉवर मेटालर्जी एवं न्यू मैटेरियल (एआरसीआई), हैदराबाद के सहयोग से विकसित एन9 शुद्ध सिल्वर के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण के राष्ट्रीय पुरस्कार मैसर्स रेसिल केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, बेंगलोर को दिया गया। निम्न को एसएसआई इकाई पुरस्कार भी दिया गया:

1. मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रिक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर को लागत प्रभावी हस्त आयोजित बैटरी संचालित पोर्टेबल एक्स–रे मशीन के वाणिज्यीकरण के लिए।
2. मैसर्स तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड, बैंगलोर को टीजे1400 – पैकेट ट्रांसमिशन नोड – अभिनव, उच्च क्षमता, फाइबर ऑप्टिक नेटवर्किंग उत्पादों के वाणिज्यीकरण के लिए।

डॉ॰ हर्षवर्धन, माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा मैसर्स एक्वाएग्री प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा समुद्री शैवाल से विकसित उत्पाद को 11 मई, 2016 को प्रौद्योगिकी दिवस–2016 के दौरान विज्ञान भवन में वाणिज्यीक प्रमोचन किया गया। हालांकि, यह परियोजना वर्ष 2015–16 के दौरान पूर्ण हो चुकी थी।

टीडीबी समर्थित कम्पनियों ने एक प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया।

स्थापना दिवस

1 सितम्बर, 2016 को टीडीबी ने अपना 20वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर, 1 एवं 2 सितम्बर, 2016 "तकनीकी और अभिनव के माध्यम से वाणिज्यीकरण" के विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय के रूप में निम्नलिखित छः क्षेत्रों को चुना गया था: i) रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की जटिलताएं, ii) साईबर सुरक्षा (आईटी), iii) रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स को दैनिक जीवन में एकीकृत करना, iv) नैनोविज्ञान एवं नैनोतकनीक: अतीत से वर्तमान, v) स्वच्छ एवं ग्रीन ऊर्जा: क्या हम मुद्दों पर गंभीर हैं, vi) स्वास्थ्य क्षेत्र में औद्योगिक हलचल। संगोष्ठी का समापन सत्र प्रौद्योगिकी नीति संरेखण पर था। सभी सत्र के लिए वक्ताओं को आध्यात्मिक और औद्योगिक क्षेत्र से आमंत्रित किया गया था। व्याख्यान के अलावा, इंडस्ट्रीज, डीआरडीओ, आर एंड डी संस्थान, नीति आयोग, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के बीच पैनल डिस्कसन भी हुआ।

सकारात्मक–सकिय भूमिका

प्रस्तावों के लिए "कॉल जारी करना" –बोर्ड ने निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों में "प्रस्ताव के लिए कॉल" जारी किया:

1. **जैवचिकित्सा उपकरणों एवं इन्स्ट्रूमेंटेशन** – टीडीबी ने इमेजिंग सामग्री सहित बायोमेडिकल डिवाईसेस एवं उपकरणों के स्वदेशी डिजाईन और निर्माण के लिए प्रस्ताव के लिए कॉल जारी किया।

2. **वायरलेस कम्यूनिकेशन तकनीक** – टीडीबी ने संचार सेवाओं में सुधार सहित सेलफोन कनेक्टिविटी में सुधार के लिए वायरलेस तकनीक में अभिनव और अग्रसरण तकनीक के लिए कई तकनीकी समाधानों के स्वदेशी विकास और व्यवसायीकरण के लिए इस उद्योग में महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए प्रस्ताव का कॉल प्रकाशित किया।

3. **इनोवेटिव टेक्नोलॉजी फॉर फार्म स्टबल** – टीडीबी ने स्टबल के जलने से होने वाले हानिकारण आदतों और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए एक अलग तरह के विचार के लिए इस क्षेत्र में काम कर रहे औद्योगिक इकाईयों को आमंत्रित करने के लिए एग्रो–वेस्ट मैनेजमेंट और प्रेवेंसन ऑफ स्टबल बर्निंग के लिए इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूसन के लिए प्रस्ताव के लिए कॉल जारी किया।

4. **नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी** – टीडीबी ने नैनो मिशन फेज–II के तहत "नैनो एप्लीकेशन और टेक्नोलॉजी विकास प्रोग्राम" के तहत नए उत्पाद, प्रक्रियाओं, डिजाईनों और प्रोटोटाईप के विकास और वाणिज्यीकरण के लिए प्रस्ताव का कॉल जारी किया।

5. **राष्ट्रीय पुरस्कार–2017 के लिए कॉल**– टीडीबी ने तीन श्रेणियों के तहत पुरस्कारों की घोषणा की: i) स्वदेशी तकनीक के विकास एवं वाणिज्यीकरण करने वाले औद्योगिक इकाईयों के लिए, ii) स्वदेशी तकनीक पर आधारित प्रौद्योगिकी उत्पाद का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण करने वाले एमएसएमई, वाणिज्यीकरण की क्षमता वाले आशाजनक नई तकनीकी के लिए राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी स्टार्ट–अप पुरस्कार।

उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफ) में भागीदारी– टीडीबी ने प्रौद्योगिकीय रुप से नवोन्मो व्यवहार्य उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी केन्द्रित वीसीएफ के साथ नेटवर्किंग करना जारी रखा। 31 मार्च, 2017, टीडीबी ने 11 वीसीएफएस में 285.00 करोड़ रू. का निवेश किया तथा इनमें से पांच वीसीएफ में निवेश पर आय शुरु हो चुका है। निधि प्रबंधक, कुल निधि और टीडीबी की भागीदारी का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रू. में)

क्रम सं	निधि का नाम	कुल निधि	टीडीबी की भागीदारी
1)	यूटीआई–इंडिया यूनिट वेंचर स्कीम (आईटीवीयूएस)	103.00	25.00
2)	बायोटेक्नोलॉजी वेंचर फंड	100.00	30.00
3)	यूटीआई–एसेंट इंडिया फंड–II	300.00	75.00
4)	वेंचर इस्ट टिनेट फंड–II	60.00	15.00
5)	एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड	250.00	15.00
6)	एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ– II	150.00	15.00
7)	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल इनर्जी	75.00	10.00
8)	इंडिया अपर्चुनिटी फंड	1000.00	25.00
9)	सीफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड	125.00	25.00
10)	मल्टी सेक्टर सीड कैपिटल फंड	100.00	25. 00
11)	आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट – फंड 1	200.00	25.00
	कुल	**2463.00**	**285.00**

इन्क्यूबेटर्स में शुरूआतकर्ताओं के लिए सीड सहायता योजना – वर्ष 2016–17 के दौरान 12 एवं 13 मई, 2016 को टीडीबी द्वारा अनुदान सहायता प्राप्त टीबीआईएस और एसटीईपीएस की समीक्षा की गई। सभी टीबीआईएस और एसटीईपीएस को समीक्षा समिति के सामने प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया। समिति ने यह पाया कि टीडीबी द्वारा शुरू किए गए सीड सहायता प्रणाली कि परिणामस्वरूप टीबीआईएस के पास शुरूआतकर्ताओं के मूल्यांकन, सलाह और निगरानी की एक मजबूत प्रणाली स्थापित हो गई है और टीबीआईएस एक जीवंत पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करके उनकी स्थिरता भी सुनिश्चित कर सकें।

विदेशी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन – टीडीबी ने दिनांक 10 मई, 2016 को नवीकृत टीडीबी–बीपीआईफ्रांस सहयोग, जिसमें सेफिप्रा एक प्रबंधन बॉडी है, के तहत एयरोनॉटिक्स, ऑटोमोटिव एवं जैवप्रौद्योगिकी के क्षेत्र की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के उद्देश्य से "प्रस्ताव के लिए कॉल" जारी किया। "प्रस्ताव के लिए कॉल" के तहत ऑटोमोटिव का एक, एयरोनॉटिक्स के दो और स्वास्थ्य जैवप्रौद्योगिकी का एक मिलाकर कुल चार परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ क्लाईमेट सॉल्वर पार्टनर के लिए समझौता ज्ञापन – वर्ष 2016–17 के दौरान, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के आग्रह पर, टीडीबी के करार की वैधता 21.05.2019 तक बढ़ा दिया है। क्लाईमेट सॉल्वर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेषी कम कार्बन तकनीक के विकास एवं व्यापक उपयोग का मबजूती देने वाले वैश्विक पहल का एक हिस्सा है। क्लाईमेट सॉल्वर का उद्देश्य उनकी क्षमता का प्रदर्शन करना, उनके पहुंच का विस्तार करना और नवाचार के समग्र मूल के साथ जलवायु परिवर्तन का तत्काल और व्यवहारिक समाधान है।

इंवेंट प्रोग्राम – वर्ष 2016–17 के दौरान, इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलपमेंप (इंवेंट) कार्यक्रम में प्रगति दर्ज की गई। कार्यक्रम को निम्न आय वर्ग के लिए सामाजिक और आर्थिक प्रभाव वाले तकनीकी और प्रक्रिया उन्मुख समावेशी नवाचार समाधान के लिए एक मंच बनाने के लिए तैयार किया गया।

मैसर्स विलग्रो इनोवेशन फाउंडेशन (वीआईएफ) मुख्य इन्क्यूबेटर के तौर पर कार्य कर रहा है तथा चार इन्क्यूबेटर्स को सहायता प्रदान कर रहा है। स्टार्ट–अप, ओसिस, जयपुर में 27–28 मार्च, 2017 के दौरान इंवेंट प्रोग्राम के पहले अर्ध–वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इंवेंट टीम और टीडीबी और डीएफआईडी के प्रतिनिधियों के साथ चार इन्क्यूबेटर्स और दस इन्क्यूबेटीज उपस्थित हुए। इन्क्यूबेटर्स और इन्क्यूबेटीज के द्वारा प्रोग्राम की प्रगति पर प्रस्तुति भी की गई। इसके अलावा, 28 मार्च, 2017 को विलग्रो द्वारा स्टार्ट–अप ओसिस, जयपुर में इंवेंट इन्क्यूबेटर्स के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन की योजना भी की गयी।

ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए) – गीता ने वर्ष के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) योजना के तहत गतिविधियों के लिए डीआरडीओ के साथ हस्ताक्षरित करार था।

मिलेनियम अलायंस (एमए) – एमए ने वर्ष 2016–17 के दौरान अपने पहले तीन दौर के चयन प्रकिया को पूरा किया एवं कार्यक्रम के तहत सहायता के लिए सामाजिक महत्व के लगभग 60 परियोजनाओं का चयन किया।

प्रदर्शनियां / सेमिनार – टीडीबी से उपलब्ध सहायता के बारे में उद्योग, उद्यमियों और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में जागरूकता पैदा करने के लिए, टीडीबी ने अन्य संगठनों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रदर्शनियों / इंटरैक्टिव मीटिंग इत्यादि में भाग लिया।

पूर्वावलोकन

प्रस्तावना

भारत सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 के प्रावधनों के अंतर्गत सितम्बर, 1996 में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास एवं वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास अथवा व्यापक घरेलू अनुप्रयोग हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनानें को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन किया गया।

इस अधिनियम में टीडीबी द्वारा संचालित प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुप्रयोग के लिए फंड सृजन का प्रावधान है। इस फंड द्वारा सरकार से अनुसंधान एवं विकास उपकर अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 1995 के प्रावधानों के तहत औद्योगिक इकाइयों से एकत्रित अनुसंधान एवं विकास उपकर में से भारत सरकार से अनुदान प्राप्त किया जाता है। फंड की राशि के निवेश से प्राप्त आय और फंड द्वारा दिए गए अनुदानों की वसूली को फंड में जमा कर दिया जाता है। वित्त अधिनियम, 1999 द्वारा आयकर संबंधी उद्देश्यों के लिए फंड को दिए गए अनुदानों में पूर्ण कटौती करने हेतु सक्षम बनाया गया।

वर्ष 1996–97 से 2016–17 की अवधि के दौरान आर एंड डी उपकर से सरकार द्वारा कुल 7974.32 करोड़ रु. एकत्र किए गए। इसमें से टीडीबी को 20 वर्षों की अवधि में 609.47 करोड़ रु. की संचित राशि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के गैर–योजना व्यय में से अनुदान सहायता के रूप में उपलब्ध कराया गया।

टीडीबी का दायित्व स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास एवं वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास करना अथवा व्यापक घरेलु अनुप्रयोग हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनानें वाली औद्योगिक इकाईयों तथा एजेंसियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

वित्तीय सहायता का तरीका

टीडीबी को अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों सें वित्तीय सहायता हेतु आवेदन वर्ष भर प्राप्त होते रहते हैं। टीडीबी द्वारा वित्तीय सहायता ऋण या इक्विटी के रुप में तथा आपवादिक मामलों में अनुदान के रुप में उपलब्ध है।

ऋण सहायता अनुमोदित परियोजना लागत के 50 प्रतिशत तक दी जाती है और इस पर प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत साधारण ब्याज लिया जाता है। ऋण अवधि के दौरान टीडीबी की सहायता से उत्पादित उत्पाद की बिक्री पर रॉयल्टी भी देय है। टीडीबी आवेदक से कोई भी प्रशासनिक, संसाधन या प्रतिबद्धता शुल्क नहीं लेता है। ऋण राशि का भुगतान ऋण करार के तहत उद्धृत नियम एवं शर्तों एवं माइलस्टोन के अनुपालन के आधार पर किश्तों में किया जाता है। कुछ मामलों में, सहायता प्राप्त औद्योगिक इकाई के निदेशक मंडल में टीडीबी द्वारा नामित निदेशक भी शामिल होते हैं। परियोजना की कार्यान्वयन अवधि सामान्य तौर पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होती। ऋण एवं ब्याज को कोलेटरल एवं गारंटी के माध्यम से सुरक्षित किया जायेगा। सामान्यतया ऋण एवं ब्याज का पुनःभुगतान की शुरूआत परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के एक वर्ष के बाद होता है और इसका भुगतान साढ़े चार साल में किया जाता है। पहली किस्त के पुनःभुगतान तक जमा ब्याज के भुगतान को तीन वर्षों में वितरित किया जाता है और जो कि पुनःभुगतान के दूसरे वर्ष के शुरू होकर पुनःभुगतान के चौथे वर्ष के साथ पूरा हो जाता है।

टीडीबी किसी औद्योगिक कंपनी (कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन) में इसके आरंभ होने, चलाने और / अथवा टीडीबी द्वारा अपेक्षाओं के यथा मूल्यांकित किये गये जरुरतों के अनुसार और संवृद्धि स्तरों पर ऋण – इक्विटी अनुपात को ध्यान में रखते हुए इक्विटी पूंजी के रुप में अंशदान कर सकता है।

इक्विटी अंशदान टीडीबी के पूरे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक होता है बशर्ते यह प्रोत्साहकों द्वारा चुकता पूंजी से अधिक न हो। औद्योगिक कंपनी को टीडीबी द्वारा अंशदान की धनराशि के समतुल्य अपने शेयर प्रमाण पत्र टीडीबी को जारी करने होंगे। अंशदान पूर्व स्थितियों में यह शामिल होगा कि प्रोत्साहकों का अंशदान होना चाहिए और अपने हिस्से की शेयर पूंजी को पूर्ण रुप से चुकता किया जाना चाहिए। प्रोत्साहकों को टीडीबी के अंशदान के बराबर अपने शेयर टीडीबी को गिरवी रखना चाहिए। टीडीबी को ऐसी कंपनियों के निदेशक मंडल में नामित निदेशक (को) को रखने का अधिकार है। टीडीबी का यह विवेकाधिकार है कि वह (इक्विटी पूंजी) विनियमनों में निर्धारित प्रकिया के अनुसार परियोजना पूरी हो जाने के तीन वर्षों के पश्चात् अथवा अंशदान की तिथि से पांच वर्षों के पश्चात् कंपनी में अपनी शेयर होल्डिंगस को समाप्त कर सकती है। तथापि, शेयरों को वापस खरीदने का पहला विकल्प संस्थापकों के पास होगा।

टीडीबी औद्योगिक कंपनियों के विद्यमान ऋण अथवा इक्विटी के प्रतिस्थापन पर विचार नहीं करता जिन्होंने इस प्रकार का ऋण अन्य संस्थानों से लिया है।

टीडीबी स्वदेशी रुप से प्रौद्योगिकी को विकसित करने में शामिल औद्योगिक कंपनियों और आर एण्ड डी संस्थानों को अनुदान के रुप में भी वित्तीय सहायता मुहैया कराता है। अनुदानों की स्वीकृति का निर्णय टीडीबी बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे राष्ट्रीय महत्व के विशेष मामलों में ही मुहैया किया जाता है।

31 मार्च, 2017 तक, टीडीबी द्वारा (1996 में इसके अस्तित्व में आने के बाद से) 7219.80 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत युक्त कुल 330 करारों पर हस्ताक्षर किया है जिसमें से टीडीबी की बचनवद्धता 1771.61 करोड़ रु. की है जिसमें से टीडीबी ने सरकार द्वारा दिए गए फंड और आंतरिक प्राप्तियों में से 1408.24 करोड़ रु. का संवितरण किया है।

टीडीबी द्वारा 31 मार्च, 2017 तक दी गई वित्तीय सहायता के तरीकों को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

(करोड़ रु. में)

साधन	टीडीबी द्वारा स्वीकृत	टीडीबी द्वारा वितरीत
ऋण	1304.54	983.44
इक्विटी	33.06	34.66
अनुदान	149.01	143.73
वेन्चर फंड	285.00	246.41
कुल	**1771.61**	**1408.24**

करारों का क्षेत्रवार कवरेज

टीडीबी की वित्तीय सहायता ने अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। निम्नलिखित तालिका में टीडीबी द्वारा 1996–97 में इसके गठन से 31 मार्च, 2017 तक क्षेत्रवार स्वीकृत की गई परियोजनाओं को दिखाया गया है:–

(करोड़ रु. में)

क्रम सं.	सेक्टर	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी द्वारा स्वीकृत
1	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	84	1747.21	491.40
2	इंजीनियरिंग	66	664.40	239. 23
3	सूचना प्रौद्योगिकी	42	374.07	146.01
4	केमिकल	23	206.07	71.99
5	कृषि	21	141.55	47.40
6	दूरसंचार	12	99.88	37.85
7	सड़क यातायात	10	527.04	81.20
8	ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोगिता	8	132.36	55.98
9	इलेक्ट्रोनिक्स	4	52.56	17.75
10	हवाई यातायात	1	131.38	64.90
11	रक्षा एवं नागर विमानन	9	517.45	165.05
12	अन्य			
	(क) वेन्चर फंड	11	2463.00	285.00
	(ख) एसटीईपी – टीबीआई	35	35.00	35.00
	(ग) सीआईआई	1	0.83	0.50
	(घ) मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	(ङ) ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी अलायंस (जीआईटीए)	1	15.00	7.35
	(च) इवेंट प्रोग्राम	1	-	-
	कुल	**330**	**7219.80**	**1771.61**

इसमें अन्य क्षेत्रों की तुलना में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग क्षेत्रों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। टीडीबी द्वारा दी गई सहायता विस्तृत रुप से नए वेन्चरों और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बाजार संचालित और प्रौद्योगिकी उन्मुखी है।

वर्ष 1996–2017 के दौरान करारों का राज्यवार वितरण

वर्ष 1996–2017 के दौरान हस्ताक्षर किए गए करारों (कम्पनी के रजिस्टर्ड कार्यालय के आधार पर) का राज्यवार वितरण :

(करोड़ रु. में)

क्रम सं.	राज्य, केन्द्र शासित	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी द्वारा स्वीकृत की गई ऋण, अनुदान / इक्विटी
1	आन्ध्र प्रदेश	85	1673.57	539.44
2	कर्नाटक	41	920.58	322.84
3	महाराष्ट्र	41	763.5	145.9
4	तमिलनाडु	36	309.24	95.78
5	दिल्ली	19	230.8	74.65
6	गुजरात	13	147.88	45.52
7	पश्चिम बंगाल	9	121.58	51.26
8	उत्तर प्रदेश	7	52.03	33.88
9	मध्य प्रदेश	6	154.23	41.5
10	हरियाणा	6	44.15	18.00
11	पंजाब	5	52.20	14.46
12	चंडीगढ़	4	43.75	16.5
13	केरल	3	19.03	7.15
14	हिमाचल प्रदेश	1	6.24	1.90
15	जम्मू एवं कश्मीर	1	5.65	2.38
16	मणिपुर	1	7.94	2.70
17	पांडीचेरी	1	5.83	1.90
18	राजस्थान	1	35.77	3.00
19	अन्य सहित			
	वेन्चर फंड	11	2463.00	285.00
	एसटीईपी – टीबीआई	35	35.00	35.00
	सीआईआई	1	0.83	0.50
	मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी अलायंस (जीआईटीए)	1	15.00	7.35
	इवेंट प्रोग्राम	1	–	–
	कुल योग	**330**	**7219.80**	**1771.61**

अपने उद्देश्य के अनुसार टीडीबी की सहायता अखिल भारतीय आधार पर दिया गया है। हालांकि, उपरोक्त तालिका दर्शाती है कि भारत के दक्षिणी राज्यों में स्थित कंपनीयों ने टीडीबी की वित्तीय सहायता का अधिकतम लाभ उठाया है क्योंकि वे टीडीबी में सहायता के लिए आवेदन करने में सक्रिय रहें हैं।

परियोजना प्रस्तावों को संशोधित करना

टीडीबी से ऋण सहायता की अपेक्षा रखने वाली औद्योगिक इकाई को एक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करना होता है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित और अन्य विवरण मांग के आधार पर उपलब्ध 'परियोजना वित्तपोशण निर्देशिका' में उपलब्ध है। संबंधित उद्योग अथवा उद्यमी / प्रोत्साहक आवेदन का प्रपत्र टीडीबी की वेबसाईट www.tdb.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं एवं http://e-techcom.tdb.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं। टीडीबी वर्ष भर आवेदन प्राप्त करता है।

आवेदनों की प्रारंभिक जांच

प्रारंभिक जांच समिति (आईएससी) वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों को उसके पूर्णता, परियोजना का उद्देश्य एवं प्रौद्योगिकी की स्थिति आदि की दृष्टि से जांच करती है। इस तरह की जांच में आवेदक और तकनीकी प्रदाता द्वारा एक विधिवत गठित तकनीकी–सह–वित्तीय आईएससी के सामने औपचारिक प्रस्तुतिकरण शामिल है। आकलन और स्पष्टता के लिए अतिरिक्त जानकारी / विवरण या दूसरी प्रस्तुति भी आवश्यक हो सकती है। यदि आवेदन टीडीबी की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करती है, तो आईएससी आगे की प्रकिया के लिए इसकी सिफारिश नहीं करने के लिखित कारणों के साथ आवेदन को अस्वीकार कर सकती है।

परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी)

आईएससी की सिफारिशों के आधार पर आवेदनों को परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी) को भेजा जाता है। प्रत्येक परियोजना के लिए उसकी प्रकृति और उत्पादन को ध्यान में रखते हुए पीईसी का गठन किया जाता है और परियोजना के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए टीडीबी के बाहर से संबंधित क्षेत्रों (विज्ञान, तकनीकी एवं वित्तीय) के विशेषज्ञों को इस समिति में शामिल किया जाता है।

विशेषज्ञ (सेवारत अथवा सेवानिवृत्त) सरकारी विभागों, आर एंड डी संगठनों, शैक्षिक संस्थानों, उद्योग संघों, वित्तीय संस्थानों और व्यावसायिक बैंकों के हो सकते हैं। आवेदन को प्रौद्योगिकी प्रदानकर्त्ता सहित वैज्ञानिकी, तकनीक, मार्केटिंग, वाणिज्यिक तथा वित्तीय प्रस्तुतीकरण की विस्तृत जानकारी देने एवं परियोजना एवं कम्पनी से जुड़े मुद्दों पर जानकारी देने का पूरा अवसर दिया जाता है।

उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति (एचएलईसी)

लंबित एवं आगामी परियोजना प्रस्तावों के मूल्यांकन में तेजी लाने के कम में, अध्यक्ष, टीडीबी ने (वर्ष 2011–12 से) इन परियोजना प्रस्तावों के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए एक नामचीन व्यक्तित्त्व की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति (एचएलइसी), जिसमें कि टीडीबी के बाहर के उस क्षेत्र के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ (वैज्ञानिक, तकनीक, शिक्षा, मार्केटिंग एव वित्तीय) शामिल है, का गठन किया।

बोर्ड ने 18 फरवरी, 2012 को आयोजित अपनी 49वीं बैठक में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिती (एचएलईसी) द्वारा परियोजना प्रस्तावों के मूल्यांकन की नई प्रकिया पर काफी विचार विमर्श किया। बोर्ड ने प्रस्तावों पर कार्य करने के समय लागत को घटाने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना व अनुमोदन किया।

मूल्यांकन मानदण्ड

आवेदनों को वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, वाणिज्यिक एवं वित्तीय प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। मूल्यांकन प्रकिया में निम्नलिखित शामिल है :–

- प्रस्ताव के विषयों का अनूठा एवं नवीनात्मक होना
- सुदृढ़ता, वैज्ञानिक गुणवत्ता और प्रौद्योगिकीय प्राथमिकता
- वृहत रुप से लागू करने के लिए और वाणिज्यीकरण से लाभप्रद संभावना
- प्रस्तावित प्रयास की पर्याप्तता
- प्रस्तावित कार्यवाही नेटवर्क में आर एंड डी संस्थानों की क्षमता
- आंतरिक प्राप्ति सहित एंटरप्राइज की संगठनात्मक एवं वाणिज्यिक योग्यता
- प्रस्तावित लागत और वित्त पोषण के तरीके की औचित्यपूर्णता
- मापयोग्य उद्देश्य, लक्ष्य और निर्धरित लक्ष्य
- उद्यमी का पिछला रिकॉर्ड

गोपनीयता एवं पारदर्शिता

टीडीबी में यह मान्यता है कि गोपनीयता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव एक वाणिज्यिक प्रस्ताव है जिसमें एक नया उत्पादन अथवा प्रकिया शामिल है। अगर आवेदक द्वारा यह बताया जाता है कि परियोजना प्रस्ताव में उद्धृत कुछ जानकारी को गोपनीय रखा जाये, तो इसे परियोजना मूल्यांकन समिति एवं उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति के विशेषज्ञों को परिचालित नही किया जाता है। पीईसी या एचएलईसी प्रकिया में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों का खुलासा न करने की आवेदकों की आशंकाओं की संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाता है।

आवेदकों के साथ पूर्ण रुप से विचार विमर्श करने के पश्चात् पीईसी / एचएलईसी के विशेषज्ञों द्वारा टिप्पणियों और सिफारिशों को अंतिम रुप दिया जाता है। एचएलईसी से मंजूर हुए सभी प्रस्तावों को प्रौद्योगिकी – आर्थिक व्यवहार्यता / यथोचित परिश्रम के माध्यम से मूल्यांकन के लिए भेजा जाता है। तथापि यदि परियोजना में टीडीबी की सहायता 10.00 करोड़ रू से अधिक हो या कुल परियाजना लागत 30.00 करोड़ रू. के अधिक हो तो केवल उसी स्थिति में पीईसी द्वारा यथोचित परिश्रम के लिए मामलों की सिफारिश की जाती है। पीईसी अथवा एचएलईसी की सिफारिशें अनुमोदनार्थ बोर्ड को भेजी जाती है। यदि परियोजना प्रस्ताव की पीईसी / एचएलईसी द्वारा सिफारिश नहीं की जाती तक आवेदन को टीडीबी द्वारा बंद कर दिया जाता है और आवेदक को सूचित कर दिया जाता है।

वित्तीय सहायता का अनुमोदन

पीईसी द्वारा अनुशंसित उन सभी परियोजनाओं को जिनमें या तो परियोजना लागत 30 करोड़ रू. से अधिक हो या टीडीबी के मांगी गई सहायता 10.00 करोड़ रू से अधिक हों, को टीडीबी के साथ सूचिगत एवं अनुमोदित परिसम्पत्ति प्रबंधक द्वारा ड्यू–डिलिजेंस से गुजरना होता है। एचएलईसी द्वारा अनुशंसित परियोजनाओं को अनिवार्य रूप से टीडीबी के साथ सूचिगत एवं अनुमोदित परिसम्पत्ति प्रबंधक द्वारा ड्यू–डिलिजेंस से गुजरना होता है। पीईसी या एचएलईसी की अनुशंसा, ड्यू–डिलिजेंस रिपोर्ट (जहां लागू हो) के साथ बोर्ड के सामने अनुमोदन के लिए रखा जाता है।

पीईसी या एचएलईसी द्वारा अनुशंसित नही होने वाले परियोजना प्रस्तावों को आवेदक को सूचित करने के बाद बंद कर दिया जाता है।

उपरोक्त मूल्यांकन स्तरों को पूरा करने के बाद, 2.50 करोड़ रू. के परियोजना प्रस्तावों को अध्यक्ष, टीडीबी द्वारा अनुमोदित किया जाता है, 2.50 करोड़ रू. से 10.00 करोड़ रू. के बीच के परियोजना प्रस्तावों को बोर्ड की उप–समिति के द्वारा अनुमोदित किया जाता है और 10.00 करोड़ रू. से अधिक के परियोजना प्रस्तावों को बोर्ड के द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

अनुविक्षण एवं समीक्षा

टीडीबी अनुमोदित सहायता लाभअर्जकों को किस्तों में उपलब्ध कराता है जो कि जोखिम सम्बंधित लक्ष्यों पर आधारित होता है। दूसरी और अगली किश्तों को प्रत्येक अनुमोदित परियोजना के लिए गठित की गई परियोजना अनुविक्षण समिति (पीएमसी) की सिफारिशों के आधार पर जारी किया जाता है। परियोजना अनुविक्षण समिति मे उन वैज्ञानिक / तकनीकि एंव वित्तीय विशेषज्ञों को शामिल किया जाता है जो कि परियोजना मूल्यांकन के समय पीईसी / एचएलईसी के सदस्य थे।

सकारात्मक – सकिय भूमिका

औद्योगिक इकाईयों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों का जबाव देने के अलावे प्रौद्योगिकी विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए व्यापक समर्थन सुनिश्चित करने के लिए टीडीबी एक सकिय भूमिका निभाता है। टीडीबी ने दायित्व के निर्वहन के लिए उपरोक्त पहल के माध्यम से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और वाणिज्यीकरण को प्रोत्साहित किया है।

(क) वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) में भागीदारी

टीडीबी ने एसएमई / प्रारंभिक चरण के उपकमों के माध्यम से तकनीकी नवाचार के लिए व्यवहारिक उद्यमों को समर्थन करने के लिए तकनीकी केंद्रित वीसीएफ में भागीदारी की। चयनात्मक आधारपर उच्च–जोखिम और उच्च–वापसी वाले वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी को तकनीकी उन्मुख परियोजनाओं के भौगोलिक और तकनीकी विस्तार के लिए एक उत्कृष्ट उपकरण माना गया है।

बोर्ड ने मार्च, 2010 में अपनी 44वीं बैठक में उद्यम पूंजी निधि हेतु टीडीबी द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता पर विचार और समीक्षा करने तथा टीडीबी द्वारा वीसीएफ को सहायता प्रदान करने में अपनाई जाने वाली कार्य पद्धति पर सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया। बोर्ड ने मई, 2010 में अपनी 45वीं बैठक के दौरान वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी हेतु व्यापक दिशा–निर्देश को भी अंतिम रुप प्रदान किया।

तक से, 31 मार्च, 2017, टीडीबी ने 11 वीसीएफएस नामतः एपीआईडीसी, यूटीआई–एआईएफ, यूटीआई–आईटीवीयूएस, वेंचर ईस्ट टिनेट फन्ड–II, जीवीएफएल–एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड, आरवीसीएफ–एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ–II, सीआईआईई–इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी, सिडबी–इंडिया अपर्चुनिटी फंड, सीफ–सीफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड, ब्लूम वेंचर का – मल्टीसेक्टर सीड कैपिटल फंड एवं आइवीकैप वेंचर का–आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड–1 में भागीदारी की। इन निधियों से नवोन्मेशी परियोजनाओं में निवेश को विस्तार देने के लक्ष्य के साथ आईटी/आईटीईएस, जैवप्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, दूरभाष, नैनो–टेक्नोलॉजी, क्लीनटेक इनर्जी और एग्रीबिजनेस के क्षेत्र के अभिनव परियोजनाओं के लिए सह–निवेश को लक्षित किया गया है। टीडीबी की कुल प्रतिबद्धता 285.00 करोड़ रू. की है तथा इनमें से पांच वीसीएफ में निवेश पर आय शुरु हो चुका है।

टीडीबी की प्रेरणा एवं भागीदारी ने उद्यम पूंजीपतियों को टीडीबी के मिशन के लिए सहायता के लिए प्रेरित किया। टीडीबी की इस पहल ने प्राईवेट इक्विटी फंड को भारतीय अर्थव्यवस्था के चालक क्षेत्रों वाले तकनीकी आधारित परियोजनाओं को समर्थन देने का विश्वास दिलाया।

(ख) इन्क्यूबेटर्स में शुरूआतकर्ताओं के लिए सीड सहायता स्कीम

वर्ष 2005 में, टीडीबी ने अभिनव तकनीकी उद्यमों के विचारों को विकसित करने और अंत में बाजार तक पहुंच बनाने के लिए, युवा उद्यमियों को प्रारंभिक चरण/स्टार्ट अप वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सीड सहायता योजना की शुरूआत की। प्रस्तावित सहायता का उपयोग प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यीकरण के एक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए किया गया। योजना की शुरूआत, डीएसटी के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड (एनएसटीईडीबी) द्वारा प्रशासित इन्क्यूबेटर/टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर (एसटीईपी/टीबीआई) के शुरूआतकर्ताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया गया था।

31 मार्च, 2017 तक टीडीबी ने 35 करोड़ रू. की अनुदान सहायता के साथ 35 (जिनमें दो बार वित्तीय सहायता प्राप्त 4 टीबीआई/एसटीईपी शामिल है) टीबीआईएस और एसटीईपीएस का समर्थन किया। इन इन्क्यूबेटर्स ने दूरसंचार, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, इन्स्ट्रूमेंटेशन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, फार्मा, खाद्य, सौर, वस्त्र और जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए इन्क्यूबेटीज को सहायता प्रदान की। स्कीम ने अच्छी प्रगति की है और विभिन्न क्षेत्रों में बहुत से उद्यमियों को लाभान्वित किया है। इन्क्यूबेटीज के लिए जारी की गई वित्तीय सहायता विकास, स्तरोन्नयन और संबंधित कार्य की आवश्यकता रखने वाली प्रौद्योगिकीयों के लिए आरंभिक स्तर पर सहायता में मदद किया। इसने इन्क्यूबेटर्स द्वारा इन्क्यूबेसन निधि का सृजन करने में भी सुविधा प्रदान किया।

मार्च, 2016 में आयोजित बोर्ड की 53वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टीडीबी का इस योजना को बंद कर देना चाहिए क्योंकि डीएसटी का एनएसटीईडीबी एक बड़े पैमाने पर सीड सहायता योजना को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि, टीडीबी द्वारा पहले से वित्तपोशित टीबीआईएस/एसटीईपीएस अपने इन्क्यूबेशन कोष के माध्यम से इन्क्यूबेट्स में निवेश जारी रख सकते हैं।

वर्ष 2016–17 के दौरान, टीडीबी द्वारा सहायता प्राप्त टीबीआईएस/एसटीईपीएस की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक 12–13 मई, 2016 को आयोजित की गई। सभी टीबीआईएस और एसटीईपीएस को समीक्षा समिति के सामने प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया। समीक्षा समिति ने यह पाया कि टीबीआईएस के पास शुरूआतकर्ताओं के मूल्यांकन, सलाह और निगरानी की एक मजबूत व्यवस्था स्थापित हो गई है और टीबीआईएस ने, शुरूआतकर्ताओं के लिए एक जीवंत पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करके उसकी स्थिरता भी सुनिश्चित किया है।

(ग) विदेशी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने बीपीआईफ्रांस, फ्रांस, पूर्व में आसियो, फ्रांस, के साथ नवीकृत समझौता ज्ञापन दिनांक 10 मई, 2016 जो कि नई दिल्ली में सेफीप्रा के साथ हस्ताक्षरित किया गया। करार के तहत फ्रांस और भारत की कम्पनीयों के बीच सहयोग के द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष के क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यासो के आदान–प्रदान से संबंधित गतिविधियों और तकनीकी एक्सचेंजों को बढ़ाबा देने के लिए समन्वित उपायों की स्थापना की जायेगी। समझौते के पहले चरण में एयरोनॉटिक्स, ऑटोमोटिव एवं बायोटेक्नोलॉजी के प्रस्तावों में निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

(घ) डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ क्लाईमेट सॉल्वर पार्टनर के लिए समझौता ज्ञापन

ग्लोबल क्लीनटेक इनोवेशन इंडेक्स 2012 में भारत को दिये गये 12वीं रैंक के मद्देनजर, टीडीबी ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया द्वारा शुरू किये गये क्लाईमेट सॉल्वर प्लेटफॉर्म में शामिल होने का फैसला किया।

क्लाईमेट सॉल्वर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेषी कम कार्बन तकनीक के विकास एवं व्यापक उपयोग को मबजूती देने वाले वैश्विक पहल का एक हिस्सा है। यह प्लेटफॉर्म, उद्योग संघों, निवेशकों, सरकार, इन्क्यूबेशन केंद्रों, मीडिया और कम कार्बन टेक्नोलॉजी प्रवर्तकों के बीच एक इंटरफेस प्रदान करेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों द्वारा विकसित अभिनव स्वच्छ प्रौद्योगिकीयों के सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग एवं चयन के बाद, क्लाईमेट सॉल्वर का उद्देश्य उनकी क्षमता का प्रदर्शन करना, उनके पहुंच का विस्तार करना और नवाचार के समग्र मूल के साथ जलवायु परिवर्तन का तत्काल और व्यवहारिक समाधान है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य नवीन स्वच्छ प्रौद्योगिकीयों के उपयोग को बढ़ावा देना और इस प्रकार उत्सर्जन को कम करने और उर्जा के पहुंच को बढ़ाना है। क्लाईमेट सॉल्वर पहली बार डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्वीडन द्वारा 2008 में शुरू किया गया था और इसके तहत अब तक 28 नवोन्मेषी प्रौद्योगिकीयों को पुरस्कृत किया जा चुका है।

भारत में, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), के अलावा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इन्डस्ट्री (सीआईआई), न्यू वेंचर्स इंडिया, सेंटर फॉर इनोवेशन इन्क्यूवेशन एवं एन्ट्रप्रेन्योरशिप (आईआईएम अहमदाबाद), और स्काईक्वेस्ट टेक्नोलॉजिज कन्सल्टिंग प्राईवेट लिमिटेड भी इस प्रोग्राम में शामिल हैं। टीडीबी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत ने पारस्परिक रूप से करार की वैधता 21.05.2019 तक बढ़ा दिया है।

(ड) सहयोग

- **इन्वेन्ट प्रोग्राम**
  टीडीबी ने अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), यूके के सहयोग से वर्ष 2015–16 में इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलपमेंप (इंवेट) कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को निम्न आय वर्ग के लिए सामाजिक और आर्थिक प्रभाव वाले तकनीकी और प्रकिया उन्मुख समावेशी नवाचार समाधान के लिए एक मंच बनाने के लिए तैयार किया गया।

  सहायता में भारत के 8 कम आय वाले राज्यों (एलआईएस) (यूपी, एमपी, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल) में वित्तपोषण, गहन सलाह, ज्ञान और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, समर्थन सेवाओं और संबंधित नेटवर्किंग शामिल है परन्तु यह केवल यहां तक सीमित नहीं है।

  उद्देश्य:
  - उपर्युक्त 8 एलआईएस में प्रभावी निवेश के लिए व्यवहार्य सामाजिक उद्यमों की एक कड़ी तैयार करना।
  - 8 कम आय वाले राज्यों में 50 निवेश के लिए तैयार सामाजिक उद्यमों मुनाफे वाले उद्यमों को तैयार करना।
  - 8 कम आय वाले राज्यों में 160 उद्यमियों को सहायता प्रदान करना।

  प्रभाव:
  - 8 कम आय वाले राज्यों में उपयुक्त विविध वित्तपोषण के अवसरों के साथ सामाजिक उद्यमों को विकसित करने का एक पारिस्थितिक तंत्र बनेगा।
  - समाजिक बाधा को तोड़ने और अधिक लोगों को सामाजिक उद्यमिता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सहायता में वृद्धि।
  - मजबूत पहचार के साथ स्थापित सामाजिक इन्क्यूबेटर।

वर्ष 2015–16 में टीडीबी एवं मैसर्स विलग्रो इनोवेशन फाउंडेशन (वीआईएफ) के बीच हस्ताक्षरित करार के तहत विलग्रो 8 कम आय वाले राज्यों में निवेश के लिए व्यावहार्य सामाजिक उद्यम (लाभ के लिए) पाइपलाईन बनाने के उद्देश्य से इन्क्यूबेसन सहायता प्रदान करने के लिए एक मुख्य इन्क्यूबेटर के तौर पर कार्य करेगा। विलग्रो वर्तमान मे एलआईएस में गरीबों को फायदा पहुंचाने वाले व्यवसायिक रूप से सफल शुरूआती चरण के अभिनव व्यवसायों के समर्थन के लिये चार इन्क्यूबेटर्स जैसे आईआईएस कोलकाता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी), केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर भूवनेश्वर (केआईआईटी–टीबीआई), सिडबी इनोवेशन एंड इन्क्यूवेशन सेन्टर आईआईटी कानपुर (एसआईआईसी आईआईटीके) और स्टार्ट–अप ओसिस (सीआईआईई, आईआईएम अहमदाबाद और आरईईसीओ की एक शुरूआत) को सहायता प्रदान कर रहा है।

• ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए)

2011 में सीआईआई और टीडीबी के दरम्यान कमशः 51:49 की सहभागिता से ग्लोबल इनोवेषन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए) के नाम से कम्पनी अधिनियम–2013 की धारा–8 के तहत एक "गैर लाभ" सार्वजनिक उद्यम (पीपीपी) एक संयुक्त उद्यम की स्थापना की।

गीता, भारत सरकार और भारतीय उद्योग/आरएंडडी संस्थानों का एक अभिनव मंच है जिसे सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा नियोजित तकनीक के अंतराल के माध्यम से नवप्रवर्तनशील प्रौद्योगिकी समाधानों में दुनिया भर में उपलब्ध तकनीको का मूल्यांकन और तकनीकी–रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी बनाने के लिए धन का प्रबंधन करने के लिए बनाया गया है। गीता औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करती है और प्रौद्योगिकी विकास/अधिग्रहण/अनुकूलन/परियोजन के लिए धन प्रदान करने और औद्योगिक एवं संस्थागत साक्षेदारों को प्रभावी एवं सहयोगी औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए जोड़ती है।

गीता, द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते के तहत विभिन्न देशों के साथ औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में डीएसटी की सहायता करता है। इन देश–विशिष्ट कार्यक्रमों के तहत, भारत का एक उद्योग और किसी अन्य देश का एक उद्योग एक विपणन योग्य उत्पाद विकसित करने के लिए एक संयुक्त अनुसंधान एवं विकास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। इस सुविधा के लिए, संबंधित देशों की सरकारे अपने उद्योग के लिए 50% परियोजना लागत तक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। गीता ने इस तरीके से, डीएसटी के भारत–इजराईल, भारत–कनाडा, भारत–स्पेन, भारत–यूके और भारत–कोरिया आदि कार्यक्रमों को लागू किया है। बीते वर्षो में, गीता विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे भारी उद्योग विभाग, एमएसएमई, डीआरडीओ आदि के साथ विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

• मिलेनियम अलायंस (एमए)

टीडीबी, संयुक्त राज्य अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्श एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा इंडिया और नवप्रवर्तन का लाभ विश्व की सबसे नीचे स्तर की जनसंख्या को पहुंचाने के उद्देश्य से वर्ष 2011 में मिलेनियम अलायंस (एमए) की शुरूआत की गई। यह गठबंधन स्वास्थ्य, बुनियादि शिक्षा, जल एवं स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा/कृषि और स्वच्छ ऊर्जा जैसे नवीन क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ वैश्विक विकास के लिए नवीन साझेदारी के रूप में बना है। बाद में, अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), आईसीसीओ कोऑपरेशन, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ, वर्ल्ड बैंक ग्रुप और फेसबुक भी इसमें शामिल हुए। एमए आने वाले विकास की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत में विकसित और परिक्षण किए जा रहे अभिनव समाधानों को पहचानने और बढ़ाने के लिए भारतीय रचनात्मकता, विषेशज्ञता का उपयोग करने का एक समावेशी मंच है। एमए एक ऐसा मंच है जो विभिन्न सामाजिक आविष्कारों, परोपकारी संगठनों, सामाजिक उद्यम पूंजीपतियों, ऐंजल निवेषकों, सेवा प्रदाताओं, और कॉरपोरेट फाउंडेशन को प्रोत्साहित और इनोवेटरों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान कराता है।

25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एक फंड 5 वर्ष की अवधि के लिए स्थापित किया गया था, टीडीबी ने 25 करोड़ रू. (5 करोड़ रू. प्रतिवर्ष) का योगदान किया था। प्रोग्राम के तहत, अविष्कारों को सीड वित्तपोषण, अनुदार, उष्मायन, नेटवर्किंग के अवसर व्यवसाय सहायता, ज्ञान विनिमय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है जो कि इक्विटी, ऋण और अन्य पूंजी तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है।

20 से अधिक भारतीय राज्यों और 7 विकासशील देशों में सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान से इस कार्यक्रम ने अब तक 86 सामाजिक उद्यमों को 60 करोड़ रू. की सहायता प्रदान किया है जिससे 6.8 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए। परियोजना पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं द्वारा 27,000 से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 451 मिलियन डॉलर का बाह्य धन जुटाने के लिए नवप्रवर्तकों ने एमए के साथ अपने सहयोग का फायदा उठाया एवं व्यापक और टिकाऊ परियोजना कार्यान्वन के लिए 90 से अधिक भागीदारी विकसित की।

(च) प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय पुरस्कार का वितरण

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रत्येक वर्ष 11 मई को पूरे भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। यह दिन जीवन में विज्ञान के महत्व को दर्शाता है और छात्रों को कैरियर विकल्प के तौर पर विज्ञान को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन, 11 मई, 1998 को पोखरन, राजस्थान में ऑपरेशन शक्ति (पोखरन–द्वितीय) के तहत किए गए पांच परमाणु परीक्षणों की सालगिरह का जश्न मनाने के लिए किया जाता है। पोखरन परमाणु परीक्षण के अलावा भारत ने इसी दिन पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 का परीक्षण बैंगलोर में किया और त्रिशूल मिशाइल का सफल परीक्षण फाइरिंग भी किया। इन सभी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन, भारतीय उद्योग को राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के साथ मजबूत साझेदारी बनाने और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में प्रवेश पाने के लिए अकादमिक संस्थानों के साथ साझा नेटवर्क बनाने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार

इस दिन को एक उत्सव के तौर पर मनाने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत की। यह पुरस्कार विभिन्न व्यक्तियों और उद्योगों को स्वदेशी तकनीक के सफल वाणिज्यीकरण में उनकी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। पुरस्कार के तहत 10 लाख रू. और एक ट्रॉफी प्रदान की जाती है। अगर उत्पाद का निर्माण एवं वाणिज्यीकरण दो अलग–अलग संस्थाओं द्वारा किया गया है तो दोनो ही पुरस्कार प्राप्त करने के लिए योग्य होंगे। 11 मई, 1999 को प्रौद्योगिकी दिवस के दौरान पहली राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।
स्वदेशी विकसित तकनीक "पुनःसंयोजक डीएनए आधारित हेपेटाइटिस–बी वैक्सीन" के सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण के लिए पहला राष्ट्रीय पुरस्कार, मैसर्स शांता बायोटेक प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद एवं उसके आर एंड डी इकाई को मई, 1999 में माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपयी द्वारा दिया गया था।

वर्ष 2016–17 के दौरान, टीडीबी ने एक सक्रिय पहल की और निम्नलिखित तीन श्रेणियों के तहत पुरस्कारों की घोषणा की जिसको वर्ष 2017–18 से लागू किया जायेगा:

- स्वदेशी तकनीक के सफल विकास एवं वाणिज्यीकरण करने वाले औद्योगिक इकाई को 25.00 लाख रू. और एक ट्रॉफी का एक पुरस्कार, अगर उत्पाद का निर्माण एवं वाणिज्यीकरण अलग–अलग हैं तो दोनो ही पुरस्कार प्राप्त करने के लिए योग्य होंगे।
- प्रौद्योगिकी आधारित स्वदेशी तकनीक के सफल वाणिज्यीकरण करने वाले एमएसएमई के लिए 15.00 लाख रू. और ट्रॉफी का तीन पुरस्कार।
- वाणिज्यीकरण की क्षमता वाली नई तकनीक के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी स्टार्ट–अप पुरस्कार के तहत 15.00 लाख रू. और एक ट्रॉफी के रूप में टीडीबी ने एक नये पुरस्कार की शुरूआत की।

एसएसआई इकाई पुरस्कार

टीडीबी ने अगस्त, 2000 में उन एसएसआई इकाईयों के लिए 2 लाख रू. के नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसने स्वदेशी तकनीक पर आधारित उत्पाद का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण किया है। एसएसआई इकाई का पहला पुरस्कार 11 मई, 2001 को दिया गया। बाद में, वर्ष 2011 में पुरस्कार की संख्या और मात्रा बढ़ाकर क्रमशः 3 लाख रू. और 5 लाख रू. कर दिया गया। 2016 में, इस पुरस्कार का नाम बदलकर 'एमएसएमई पुरस्कार' कर दिया गया और पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 15 लाख रू. कर दिया गया।

(छ) विवाद समाधान समिति (डीआरसी)

टीडीबी की स्थापना के बाद से लगभग 60 मामलों को या तो तकनीकी की विफलता या वाणिज्यीकरण विफलता के कारण स्ट्रेस्ड घोषित कर दिया गया है। बैंकों और अन्या वित्तीय संस्थानों के विपरीत, टीडीबी ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (डीआरटी) जैसे तंत्र का सहारा नहीं ले सकता है, और इसके बजाय परिसम्पत्ति प्रबंधकों, मध्यस्थों और अन्य कानूनी प्रावधानों का सहारा लिया।

बोर्ड ने अपने कई बैठकों में, खराब कर्ज के मामलों पर चर्चा की और वसूली के लिए उपयुक्त कदम सुझाए। 2002 के टीडीबी के स्थायी आदेशों (एमएसओ) के अनुच्छेद 4.42 में एक समय में निपटारे के लिए प्रावधान किया गया है जिसमें कहा गया है कि:

"टीडीबी को असाधारण मामलों में एक बार निपटारे के लिए नियम तय करने चाहिए और आईडीबीआई जैसे वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाई गई प्रकिया को ध्यान में रखते हुए इस तरह के निपटारे के लिए टीडीबी द्वारा उचित प्रकिया तैयार करना चाहिए। एक बार के निपटारे से लाभान्वित होने वाले किसी भी संस्था को भविष्य में टीडीबी की किसी भी सहायता के लिए अपात्र कर दिया जायेगा।"

इन एनपीए/स्ट्रेस्ड मामलों के कारण, पूर्व–मुकदमेबाजी और मुकदमेबाजी के बढ़ते मामलों की वजह से, टीडीबी ने अध्यक्ष, टीडीबी की मंजूरी से वर्श 2015 में इस तरह के मामलो को निपटाने का लिए "विवाद समाधान समिति (डीआरसी)" के रूप में एक तंत्र की शुरूआत की। डीआरसी का उद्देश्य मुकदमों पर अनावश्यक खर्चे को करना था, खासकर उन मामलो में जहां कंपनी ऋण के पुर्नभुगतान के लिए अपनी देयता पर विवाद नहीं करता अपितु मामले को निपटान या पुनःभुगतान अनुसूची के पुनःनिर्धारण से खत्म करना चाहता है। यह लंबित मामलों को समाप्त करने और पारस्परिक शर्तों पर ऋण और अन्य शुल्कों की अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने का एक प्रयास था। डीआरसी, टीडीबी द्वारा पहले से शुरू किए गए कानूनी मामलों में कोई हस्तक्षेप नही करता है।

डीआरसी की सिफारिशों को अध्यक्ष के द्वारा विधिवत रूप से गठित बोर्ड की उप–समिति के सामने मंजूरी के लिए रखा जाता है। इस प्रकिया के माध्यम से बहुत हीं कम अवधि में कई मामलों में महत्वपूर्ण वसूली दर्ज की गई।

(ज) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का निर्माण

कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और अधिक कनेक्टिविटी बनाने एवं वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के महत्व को ध्यान में रखते हुए टीडीबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म होने की जरूरत को महशूस किया और अपने अधिकारिक पृष्ठ को निम्नानुसार बनाया:

Linkedin : http://e-techcom.tdb.gov.inhttps://www.linkedin.com/in/technology-development-board

Facebook: https://www.facebook.com/tdbgoi/

Twitter: https://twitter.com/tdbgoi

टीडीबी ने एक मजबूत परियोजना प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) और एनआईसी सर्वर पर अपनी नई आधिकारिक वेबसाइट की शुरूआत www.tdb.gov.in के डोमेन नाम के साथ की। यह वेबसाईट सरकार के सरकारी वेबसाईट बनाने के दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) के अनुसार विकसित की जा रही है ताकि टीडीबी और इसकी योजनाओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने में आसानी हो सके।

आभार

टीडीबी, अपने बोर्ड के सदस्यों का उनके समय, प्रयास, मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए आभारी है।

-ह-

स्थान : नई दिल्ली

(प्रो. आशुतोष शर्मा)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

वर्ष 2016–17 के परियोजनाएं एवं उत्पाद

मैसर्स एम्पेरे विहाईकल्स प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर

15 जुलाई, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के महत्वपूर्ण पूर्जो जैसे मोटर, चार्जर, नियंत्रक और डीसी–डीसी कन्वर्टर्स के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

सड़क परिवहन

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स एम्पेरे विहाईकल्स प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर के साथ "इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के महत्वपूर्ण पूर्जो जैसे मोटर, चार्जर, नियंत्रक और डीसी–डीसी कन्वर्टर्स के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

यह परियोजना बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहनों के चार प्रमुख पार्ट्स जिसमें कि मोटर, चार्जर, नियंत्रक और डीसी–डीसी कन्वर्टर्स शामिल है के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण को लक्षित करता है। वर्तमान में उपरोक्त सभी पार्टस विदेशों से आयात किये जाते है। उपकरणों का यह आयात मुद्रा के उतार–चढ़ाव के कारण ऊंची लागत, अप्रत्याशित गुणवत्ता, उच्च मात्रा में स्रोत घटकों की जरूरत के कारण आपूर्ति श्रृंखला में अक्षमताएं पैदा करती हैं। आयातित उत्पाद भारतीय उपयोग के लिए अनुकूलित नहीं होते है जिसके परिणामस्वरूप कम्पोनेंट की विफलता से वाहनों की लागत बढ़ जाती है। एम्पेरे विहाईकल्स निर्माण की प्रतिस्पर्धा को हासिल करने के उद्देश्य से मोटर, चार्जर, नियंत्रक और डीसी–डीसी कन्वर्टर्स के पूर्ण स्वदेशी निर्माण का प्रस्ताव करती है। यह परियोजना इन प्रमुख घटकों के निर्माण की पूर्ण स्वदेशी प्रकिया स्थापित करने के लिए है। इन प्रमुख घटकों की तकनीक को घरेलु अनुसंधान एवं विकास द्वारा विकसित किया गया है। पिछले चार वर्षों में एम्पेरे विहाईकल्स ने स्थानीय तरीके और प्रक्रियाओं का उपयोग कर इन चार प्रमुख घटकों के प्रोटोटाईप बनाने में दक्षता हासिल कर ली है।

एम्पेरे विहाईकल्स प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर पिछले 7 वर्षों से 2 एवं 3 पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास, निर्माण और बेचने के व्यवसाय में है। वे इन प्रमुख घटकों का आयात चीन से करते रहे हैं। उन्होनें आयात पर निर्भरता का कम करने और इससे जुड़े व्यवसायिक जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, इन घटकों के भारतीय जरूरतों के अनुसार निर्माण की जरूरत को महसूस किया। एम्पेरे विहाईकल्स का यह प्रयास भारत सरकार के "मेक इन इंडिया" नीति के अनुसार है एवं सराहनीय है।

कुल परियोजना लागत

6.91 करोड़ रु.

टीडीबी की सहायता

2.43 करोड़ रु.

मैसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर

6 अक्टूबर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

मेडिकल लाईनेक के स्वदेशी निर्माण की सुविधा एवं वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ "मेडिकल लाईनेक के स्वदेशी निर्माण की सुविधा एवं वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना के तहत, पैनेसिया इंटेंसिटी–मॉड्यूलेटेड रेडियेशन थेरेपि (आईएमआरटी), इमेज–गाईडेड रेडियेशन थेरेपि (आईजीआरटी) और वॉल्यूमेंट्रिक मॉड्यूलेटेड आर्क थेरेपि (वीएमएटी) और स्टीरियोटेक्टिक बॉडी रेडियेशन थेरेपी (एसबीआरटी) जैसे उन्नत रेडियोथेरेपि तकनीक के साथ संपूर्ण स्वदेशी 6एमवी मेडिकल लिनियर एक्सिलिरेटर (लाईनेक) बनाने की योजना बनायी है। पैनेसिया ने इस तकनीक का अधिग्रहण समीर एवं डेयटी से किया है। कंपनी भारतीय आबादी को सस्ती कीमत एवं बडी संख्या में ऐसे उन्नत उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से विनिर्माण लाईन की स्थापना कर रही है। यह मशीन, भारतीय अस्पतालों के अलावा विकासशील देशों के अस्पतालों में उच्च लागत वाले मशीनों के लिए एक अच्छा विकल्प होगा। इसके अलावा, इस उत्पाद की एशियाई, अफ्रीकी और यूरोपीय देशों के लिए एक अच्छी निर्यात क्षमता है। आईएईए के अनुसार, वर्ष 2020 तक इस मशीन की कुल मांग 4000 मशीनों के ज्यादा होगी। पैनेसिया हर तरह की सुविधा से लैस 6एमवी लाईनेक कम कीमत पर लॉन्च करके विश्व के तीन बड़े मेडिकल लाईनेक निर्माताओं से प्रतिस्पर्धा करना चाहता है।

पैनेसिया स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में काम करने वाला एक पेशेवर कम्पनी है जो कि रेडियोथैरेपि और रेडियोलॉजी में प्रौद्योगिकी के विकास से कैंसर के निदान और चिकित्सा के लिए नवाचार और नैदानिक समाधानों को बढ़ावा दे रहा है।

कुल परियोजना लागत

19.30 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

7.40 करोड़ रू.

मैसर्स सहजानन्द लेजर टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड, गांधीनगर

13 अक्टूबर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

फाईबर लेजर सिस्टम के वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

अभियांत्रिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स सहजानन्द लेजर टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड, गांधीनगर के साथ "फाईबर लेजर सिस्टम के वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

यह परियोजना एक घरेलु उत्पादित मध्यम – उच्च शक्ति 1 μm निरंतर वेव (सीडब्ल्यू) फाईबर लेजर स्त्रोत है। लक्षित बिजली का स्तर उच्च शक्ति फाईबर संयोजनों और इन फाईबर लेजरों के वाणिज्यीकरण को के माध्यम से एकल मोड 500W से बहु-- kW (3kW तक) मल्टीमोड है। कम्पनी ने 500W सिंगल–मोड फाईबर लेजर का विकास कर लिया है और इस परियोजना के तहत वह फाईबर लेजर के घरेलु उत्पादन के लिए क्षमता और आधारित संरचना का निर्माण करना चाहते हैं। यह उत्पादों और विदेशी और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं के दाम के बीच का अंतर को कम करेगा जिससे यह केवल लागत ही नही कम करेगा अपितु सरकार, रक्षा अनुसंधान और वाणिज्यीक संस्थान सहित घरेलू उपभोक्ताओं का अच्छी और समयपरक सेवा उपलब्ध करायेगी।

कम्पनी द्वारा आयातित फाईबर लेजरों के साथ, लेजर काटने और वेल्डिंग सिस्टम पहले से ही देश और विदेश में बेचा जा रहा है। इस परियोजना के तहत उत्पादित फाईबर लेजर इन मशीनों में आयातित फाईबर लेजर का स्थान लेगा। इसके अलावा, स्टैंड–अलोन फाईबर लेजरों को देश और विदेशों में भी विपणन किया जा सकता है।

कम्पनी को परिष्कृत लेजर सिस्टम का डिजाइन, विकास, निर्माण और विपणन में दक्षता हासिल है। यह कई विशेष प्रयोजन मशीनरी (एसपीएम) भी बनाती है जो विशिष्ट औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार स्वनिर्धारित और कमबद्ध है।

कुल परियोजना लागत

24.53 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

6.40 करोड़ रू.

मैसर्स सोनोडाईन टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, कोलकाता

7 दिसम्बर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

आवासीय और व्यावसायिक ऑडियो सेगमेंट के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान

क्षेत्र

अभियांत्रिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स सोनोडाईन टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ " आवासीय और व्यावसायिक ऑडियो सेगमेंट के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना के हिस्से के रूप में सोनोडाईन इन विशेष ऑडियो उत्पादों को डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत करेगा। इसमें लैन, यूएसबी, ब्लूटूथ, वाई–फाई और अन्य ऐसे डिजिटल इंटरफेस के साथ एकीकृत करने के लिए नए मॉडल का डिजाईन और निर्माण भी शामिल होगा। इसके अतिरिक्त, इसमें उत्पादन क्षमता में वृद्धि और संयंत्र आधुनिकीकरण होगा। सेज, फाल्टा, बंगाल स्थित सोनोडाईन के मौजूदा जगह से इन उत्पादों का निर्यात किया जायेगा और हावड़ा, बंगाल स्थित एक नयी निर्मित जगह से इसकी बिक्री भारत में भी किया जायेगा।

इसका उद्देश्य, आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्र में विश्व स्तर के डिजिटल उत्पादों को शुरू करना और बाद में निर्यात के लिए उत्पादों का बनाने और आयात प्रतिस्थापन प्रदान करने के लिए अंतर्निहित अनुसंधान और विकास तथा विनिर्माण प्रकियाओं का उपयोग और उन्नयन करना है।

कम्पनी जो कि 70 और 80 के दशक से आवासीय ऑडियो (एम्प्लीफायर, स्पीकर) और टीवी के क्षेत्र में अग्रणी रही है अब भारतीय बाजारों और निर्यात के लिए विशेष एम्प्लीफायर, स्पीकर और संबंधित बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स बैक–अप का निर्माण कर रही है।

कुल परियोजना लागत

16.24 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

5.00 करोड़ रू.

मैसर्स बायोलॉजिकल ई लिमिटेड, हैदराबाद

8 दिसम्बर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

न्यूमोकोकल कन्ज्यूगेट वेक्सीन के निर्माण फैसिलीटी की स्थापना

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स बायोलॉजिकल ई लिमिटेड, हैदराबाद के साथ "न्यूमोकोकल कन्ज्यूगेट वेक्सीन के निर्माण फैसिलीटी की स्थापना" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

प्रस्तावित उत्पाद संयुग्मक वैक्सीन है जिसमें स्ट्रैपटोकोकस निमोनिया के विभिन्न महत्वपूर्ण एटिऑलॉजिकल उपभेदों से पॉलिसेकेराईड रासायनिक रूप से एक कैरियर प्रॉटीन (सीआरएम 197) से जुड़ा हुआ है जो टीकाकरण वाले विषयों में सुरक्षात्मक प्रतिरक्षा प्रकिया को ट्रिगर करने के लिए जाना जाता है। वैक्सीन के प्रत्येक खुराक में कई अलग–अलग पॉलिसेकेराईड होते है जो कि एक कैरियर प्रॉटीन (सीआरएम 197) से तरल के रूप में संयुग्मित होते हैं। यह टीका मुख्य रूप से शिशुओं (5 वर्ष के ऊपर) और वयस्कों (60 वर्ष के ऊपर) के लिए प्रयोग किया जाता है।

वैक्सीन संरचना अद्वितीय है जिसमें स्ट्रैपटोकोकस निमोनिया के 14 सीरोटाइप हैं जो कि बच्चों में श्वसन रोग होने का एक उच्चतम प्रवृति कारण है। कम्पनी का शुरूआत में 25 मिलियन खुराक के उत्पादन का लक्ष्य है जिसको कि बाद में 100 मिलियन प्रतिवर्ष तक बढाया जायेगा। अधिक संख्या में सीरोटाइप शामिल यह श्रेष्ट उत्पाद भारत में सुविधा के साथ जनता को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

1953 में स्थापित कम्पनी, वैक्सीन (पेंटावेलेंट), फार्मा उत्पाद (खांसी, सर्दी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल उत्पादों, न्यूट्रास्यूटिकल इत्यादि) किटिकल केयर (पॉलिवेलेंट स्नेक वेनोम, कॉजूलेट्स प्रतिरोधक) के निर्माण के क्षेत्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र की लिमिटेड कम्पनी है।

कुल परियोजना लागत

320.39 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

100.00 करोड़ रू.

मैसर्स सेन्विता बायोटेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद

9 दिसम्बर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

पशु चिकित्सा मे उपयोग के लिए फूट–और–माउथ रोग (एफएमडी) वैक्सीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स सेन्विता बायोटेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद के साथ पशु चिकित्सा मे उपयोग के लिए फूट–और–माउथ रोग (एफएमडी) वैक्सीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण'' की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

प्रस्तावित परियोजना में पशु चिकित्सा के उपयोग के लिए एफएमडी वैक्सीन के निर्माण के लिए एकीकृत अत्याधुनिक सुविधा की स्थापना की गई है जो कि डब्ल्यूएचओ सीजीएमपी को पालन करते हुए सुरक्षा मानदंडों का पालन करते है। इसके अलावा, बीएसएल3 के अनुरूप एक आधुनिक और व्यापक पशु परीक्षण इकाई का निर्माण का भी प्रस्ताव है जिसमें किमेटोरेटर, भूमिगत जैव–अपशिष्ट संग्रह और निपटान प्रणाली जैसे अद्वितीय विशेषताएं होंगी।

स्वदेशी तौर पर विकसित तकनीक को लागू करने के अलावा परियोजना, पूरे देश में किसानों को लाईव–स्टॉक की आयु बढ़ाकर और कमाई को बढ़ाकर सामाजिक उद्देश्य को पूरा करेगी जो कि जन स्वास्थय के लिए प्रासंगिक होगा और ''एफएमडी के नियंत्रण'' के राष्ट्रीय कार्यक्रम के सहयोग में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

यह मैसर्स विविमेड की एक सहबद्ध कम्पनी है, जो कि भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, (आईसीएआर), भारत सरकार द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को लाईसेंस पशु चिकित्सा और मानव टीकों के उत्पादन में शामिल है।

कुल परियोजना लागत

101.18 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

16.00 करोड़ रू.

मैसर्स टाटा पॉवर कम्पनी लिमिटेड – स्ट्रेटजिक इंजीनियरिंग डिवीजन (टाटा पॉवर एसईडी), बैंगलोर

17 दिसम्बर, 2016 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

वेमगल इंडस्ट्रीयल क्षेत्र, कोलर डिस्ट्रक्ट, कर्नाटक के 50 एकड़ जमीन पर रक्षा निर्माण सुविधा

क्षेत्र

रक्षा

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स टाटा पॉवर कम्पनी लिमिटेड – स्ट्रेटजिक इंजीनियरिंग डिवीजन (टाटा पॉवर एसईडी), बैंगलोर के साथ " वेमगल इंडस्ट्रीयल क्षेत्र, कोलर डिस्ट्रक्ट, कर्नाटक के 50 एकड़ जमीन पर रक्षा निर्माण सुविधा" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना के तहत, टाटा पावर एसईडी, वेमागल में अधिग्रहित जमीन पर रणनीतिक रक्षा क्षेत्र में दूरसंचार उत्पाद, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स, हवाई जहाज, ऑप्टो– इलेक्ट्रॉनिक्स, ईएसडीएम उत्पादों के लिए बिजली का आपूर्ति के विकास के लिए रक्षा विनिर्माण सुविधा की स्थापना के लिए प्रस्ताव दिया है। इस विनिर्माण सुविधा का उपयोग विभिन्न चालू और आगामी कार्यक्रमों जैसे आईईडब्ल्यूएस–एमटी, टीसीएस, बीएमएस, रॉकेट और मिशाइल लॉचर जैसे पिनाका, आकाश, एमआरएसएएम इत्यादि जैसे उच्च मात्रा और बड़ी प्रणालियों के निर्माण और एकीकरण के लिए नही किया जा सकता। वेमगल में अधिगृहित इस नई विनिर्माण सुविधा का इस्तेमाल परियोजना को लागू करने के लिए किया जायेगा।

टाटा पॉवर एसईडी के पास भारतीय रक्षा क्षेत्र के लिए सिस्टम इंजीनियरिंग की क्षमता में योग्यता हासिल है। उन्होंने वायु रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम के क्षेत्र में समाधान प्रदान किए हैं। कम्पनी को रक्षा मंत्रालय के मेक प्रोग्राम के दो बड़े कार्यक्रमों अर्थात् रक्षा मंत्रालय (एमओडी) टेक्निकल कम्यूनिकेशन सिस्टम (टीसीएस) और बैटल फील्ड मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) के लिए सक्षम विकास एजेंसी में से एक के रूप में पहचाना गया है।

कुल परियोजना लागत

385.00 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

109.00 करोड़ रू.

मैसर्स सॉफ्टटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड, पूणे

6 फरवरी, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

"रूलबड्डी उत्पाद (पहले "आर्चीटीएक्स") का विकास और वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

सूचना प्रौद्योगिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स सॉफ्टटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड, पूणे के साथ "रूलबड्डी उत्पाद (पहले "आर्चीटीएक्स") का विकास और वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना का उद्देश्य अपने प्रमुख उत्पाद ऑटो सीडीआर की पहुंच के माध्यम से परियोजना व्यावहार्यता और निर्माण परमिट के लिए सेवाएं प्रदान करने के लिए एक ई–कॉमर्स पोर्टल के रूप में रूलबड्डी का विकास और वाणिज्यीकरण करना है। रूलबड्डी पोर्टल का उद्देश्य प्रोफेशनल डेप्थ और बाईलॉज के निर्माण और योजना अनुमोदन जानकारी के निर्माण के लिए डिजाईन प्रदान करना है। यह पूरी तरह से स्वदेशी विकसित उत्पाद है जिससे एक जगह में मौजूदा परियोजनाओं क्षेत्र में वर्तमान विघटन डिजाईन चरण के दौरान व्यवहार्यता और निर्माण परमिट का पता लगाया जा सकता है। वर्तमान में भारत में इस तरह की सुविधा देने वाला कोई भी ऑनलाईन पॉर्टल उपलब्ध नही है।

रूलबड्डी द्वारा दी जाने वाली वाणिज्यीक सेवाएं आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, रियल स्टेट डेवलेपरर्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर कम्पनीयों और निवेशकों को अपनी परियोजना की संभावित और स्वीकृत आवश्यकताओं को पहले हीं अच्छी तरह से समझने में मदद करेगी। रूलबड्डी का उपयोग इन्फ्रास्ट्रक्ख उद्योग में निवेशकों को विभिन्न विभागीय एनओसी कि प्रकिया का समझने में मदद करेगा और इस तरह का एक प्लेटफॉर्म तैयार करेगा जिससे कि कार्यकुशलता बढ़े और स्वीकृति की प्रकिया में समय कम लगे। यह देश की बुनियादी ढ़ांचा विकास की दिशा में विकास को उत्प्रेरित करने में मदद करने के लिए भारत सरकार के योजनाओं के अनुरूप है।

कंपनी आर्किटेक्ट इंजीनियरिंग एवं कंस्ट्रक्शन क्षेत्र (एईसी क्षेत्र) एंड–टू–एंड समाधान विकसित करने के कारोबार में है। इसमें, पेशेवर उपयोगर्ताओं जैसे संरचनात्मक इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स और सलाहकार, निजी क्षेत्र के कॉर्पोरेट प्रयोक्ता के साथ प्रोपर्टी विकासकर्ता, निवेशकों, रियल स्टेट कम्पनियों, और केंन्द्र/राज्य सरकारों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपभोक्ता और नगर निगम जैसे स्थानीय स्वसाशित निकाय जैसे सभी तीन उपयोगकर्ता सेंगमेंट शामिल है।

कुल परियोजना लागत

6.15 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

2.45 करोड़ रू.

मैसर्स टर्मिनस सर्किट्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर

16 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पाद के वाणिज्यीकरण'

क्षेत्र

सूचना प्रौद्योगिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स टर्मिनस सर्किट्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ "हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पाद के वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

इस परियोजना के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य अपनी आयात का विकल्प और निर्यात उन्मुख विभिन्न सिलिकॉन सिद्ध आईपी की उपलब्धता को बढ़ाकर भारत और दुनिया भर में अपने ग्राहक आधार को बेहतर बनाना है। टर्मिनस सर्किट्स हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पादों के डिजाईन और विकास में क्षेत्र में 7 वर्श से काम कर रहा है। इसके महत्वपूर्ण उत्पाद हैं यूएसबी 3.0/3.1 पीसीआईई जेन 4/3/2/1 और मल्टी–स्टैंडर्ड सरडेस।

घरेलू विकसित अभिनव आर्किटेक्चर उच्च प्रदर्शन और कम विलंबता के साथ बेहतर प्रदर्शन वाले उत्पाद लेकर आते हैं। पीसीआई जेन4, यूएसबी 3.1 और एचएसएस लिंक जैसी उप–प्रणालियां जो क्लाउड कम्प्यूटिंग, मस्तिश्क सिम्यूलेशन, एंटरप्राईज अनुप्रयोगों और लैपटॉप, मोबाईल एप्लीकेशन इत्यादि जैसे उपभोक्ता उत्पादों के अनुप्रयोग के लिए उच्च निष्पादन कम्प्यूटर जैसे उच्च कम्प्यूटिंग सिस्टम में गिने जाते हैं।

कम्पनी की शुरूआत जनवरी, 2010 में की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य उच्च गति इंटरफेस सर्किट और एनालॉग आईपी डिजाइन एवं विकास में है। यह गतिविधि उच्च गेस्टेसन अवधि वाले अत्यधिक कुशल क्षेत्र में है। आईईईई, यूएसबी, पीसीआई–एसआईजी आदि जैसे मानक समूह द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए कम्पनी ने सर्किट डिजायन और आर्किटेक्चर के विकास के लिए उच्च गति सीरियल लिंक पूर्ण समाधान विकसित किया है।

कुल परियोजना लागत

20.79 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

9.70 करोड़ रू.

मैसर्स रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर

16 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक सस्ती हेमोडायलिसिस मशीन का विकास

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ "ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक सस्ती हेमोडायलिसिस मशीन का विकास" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

कंपनी का लक्ष्य, हेमोडायलिसिस मशीन, रेनालिफ के माध्यम से गुर्दे की पुरानी बीमारी (सीकेडी) की शीघ्र पहचान के लिए संपूर्ण प्रणाली का निर्माण करना है। रेनालिफ इंटरनेट से कनेक्टेड एक मशीन है और टाईपिकल डायलिसिस केंद्रों में दो तरीके से विन्यस्त किया जा सकता है। पहला एक स्टैंडअलोन डायलिसिस मशीन के रूप में और दूसरा एक केंद्रीयकृत डायलासेट वितरण प्रणाली (सीडीडीएस) में कन्सोल के रूप में। रेनालिफ डायलिसिस मशीन उपयोगकर्ताओं के अनुकूल और सहज ज्ञान युक्त यूजर इंटरफेस है जो कि एंड्रोईड टैबलेट पर उपलब्ध है।

डायलिसिस रोगी का रियल–टाईम डेटा एकत्र किया जा सकता है और इसे दूर स्थित कम्प्यूटर को भेजा जा सकता है जिसे दूरस्थ स्थित नेफ्रोलॉजिस्ट के द्वारा एक्सेस किया जा सकता है। यह कनेक्टिविटी, नेफ्रोलॉजिस्ट को दूरस्थ स्थान से डायलिसिस तकनीशियन को उचित कार्रवाई करने के लिए मार्गदर्शन के लिए सक्षम बनाता है। इसके अलावा, रोगी के इतिहास के आधार पर, आगामी डायलिसिस के लिए अनुस्मारक और दवाएं, सावधानी एवं आहार सिफारिशें रोगी या देखभालकर्ता को भेजा जाता है। रेनालिक्स स्वास्थ्य प्रणालियों के सभी उत्पादों को घरेलु तौर पर विकसित कर रहा है।

कंपनी की स्थापना अक्टूबर, 2012 में सीकेडी के लिए सस्ती विश्वस्तरीय स्वास्थय देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए किया गया। यह सीकेडी के इलाज और रोकथाम के लिए कार्यक्रम चला रहा है।

कुल परियोजना लागत

11.99 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

4.00 करोड़ रू.

मैसर्स इनरगोस टेक्नोलॉजिज प्राईवेट लिमिटेड, मुम्बई

23 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

इनर्जी आदतों में बदलाव

क्षेत्र

सूचना प्रौद्योगिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स इनरगोस टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, मुम्बई के साथ "ऊर्जा आदतों में बदलाव" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना के तहत, कम्पनी का उद्देश्य उन्नत एनालिटिक्स के विकास के माध्यम से एससससएस मॉडल पर व्यवसायिक एवं वाणिज्यिक कार्यालयों के लिए बिजली के मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण के लिए 24x7 उपलब्ध वैश्विक नेटवर्क ऑपरेटिंग सेंटर की स्थापना के लिए, आईओटी डिवाईस का वाणिज्यीकरण करना है। इनरगोस ने, भारत और दुनिया के कई शहरों में स्थित उपकरणों को स्वचालित और मॉनिटर करने के लिए सेल्फ–लर्निंग वाले आईओटी डिवाइस को तैयार और विकसित किया है। इसे ऐक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कैफे कॉफी डे के विभिन्न कार्यालयों में कार्यान्वित किया गया है। अन्य व्यवसायिम वर्टिकल्स के लिए आगे के विश्लेषण और निर्णय लेने वाले एल्गोरिद्म विकासाधीन हैं।

ऊर्जा और इसके संरक्षण का कुशल उपयोग इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि उपभोग स्तर पर बचाई गई ऊर्जा की एक इकाई, क्षमता निर्माण की आवश्यकता को कम कर देता है। इसके अलावा, क्षमता सृजन पर काफी कम निवेश पर ऊर्जा के कुशल उपयोग के माध्यम से इस तरह की बचत प्राप्त की जा सकती है। इसलिए ऊर्जा दक्षता, बिजली का आवश्यकता को पूरा करने के प्रयासों का पूरक होगी।

इनरगोस की स्थापना, रीयल–टाईम प्रभाव को मापने और स्थिरता के अभ्यास के मामले में दक्षता प्राप्त करने के लिए चुनौती के साथ ऊर्जा बचत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आईसीटी प्रौद्योगिकीयों के नवीनतम रूझानों का उपयोग करने के उद्देश्य से किया गया है। यह एक सॉफ्टवेयर और सेवा प्रदाता कंपनी है जो बड़े उपभोक्ताओं या परंपरागत या नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादों के लिए बेव आधारित एम2एम प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करती है।

कुल परियोजना लागत

6.55 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

2.25 करोड़ रू.

मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रिक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर

28 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

पोर्टेबल एक्स–रे मशीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रिक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर के साथ "पोर्टेबल एक्स–रे मशीन का विकास एवं वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

परियोजना, निम्नलिखित चार प्रकार के एक्स–रे इमेजिंग उपकरणों के विनिर्माण और वाणिज्यीकरण के लिए है:

- पोर्टेबल हस्त चालित एक्स–रे – यह एक बैटरी संचालित कॉम्पैक्ट एक्स–रे मशीन है जिसे हाथ में रखकर संचालित किया जा सकता है। यह उपकरण विशेष रूप से डेन्टल इन्ट्रा–ओरल रेडियोग्राफी के लिए बनाया गया है।
- डेन्टल एक्स–रे के लिए डिजिटल इमेजिंग – उत्पाद 1 के पूरक के लिए कम्पनी डिजिटल एक्स–रे सेंसर पर काम कर रही है इसके उपयोग से एक्स–रे इमेजिंग फिल्म रहित हो सकती है। इस सॉफ्टवेयर को घरेलु तौर पर विकसित किया जाएगा।
- पोर्टेबल सामान्य एक्स–रे – एक बहुउद्देश्य एक्स–रे उपकरण – डिवाईस अत्यधिक मोबाईल / पोर्टेबल, संचालित करने में आसान, विश्वसनीय और बैटरी बैकअप के साथ बिना बिजली के उपयोग के लिए बनाया गया है।
- फ्लोरोस्कोपी के लिए एक्स–रे जेनरेटर – देश के कई सी–आर्म सिस्टम बनाने वालों के उपयोग के लिए यह एक ओईएम उप–घटक उत्पाद होगा।

एक्स–रे जेनरेटर और हाई वोल्ट इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के साथ आयटोम एक पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कम्पनी है। कम्पनी ने जीई मेडिकल सिस्टम्स और बीपीएल मेडिकल सिस्टम्स के लिए उत्पादों का विकास किया है। इसके अलावा, उन्होंने विद्युत, मैकेनिकल, उच्च वोल्टेज, और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के उन्नत तरीको के साथ एक्स–रे जेनरेशन के लिए स्वदेशी तकनीक का अनुसंधान एवं विकास किया है।

कुल परियोजना लागत

5.36 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

2.04 करोड़ रू.

मैसर्स डायबेटॉमिक्स मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद

28 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

मधुमेह की निगरानी के लिए अभिनव, प्वाइंट–ऑफ–केयर नैदानिक परीक्षण का विनिर्माण और वाणिज्यीकरण

क्षेत्र

स्वास्थ्य

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स डायबेटॉमिक्स मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद के साथ "मधुमेह की निगरानी के लिए अभिनव, प्वाइंट–ऑफ–केयर नैदानिक परीक्षण का विनिर्माण और वाणिज्यीकरण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

यह परियोजना मधुमेह की मॉनिटरिंग के प्वाइंट–ऑफ–केयर परीक्षणों के निर्माण और वाणिज्यीकरण से संबंधित है। कम्पनी ने इसने पार्श्व प्रवाह प्रारूप परीक्षण को अपनाया है जो कि देखभाल के समय बहुत कम उपकरण के साथ प्रदर्शन को सक्षम बनाता है।

- लुमेला, प्री–एक्लम्पसीया और गर्भकालीन मधुमेह के लिए प्वाइंट–ऑफ–केयर टेस्ट "ग्लाइकोसिलेटेड फिब्रोनेक्टिन", एक नवीन जैवमार्कर है जो गर्भावस्था में प्री–एक्लम्पसिया और जीडीएम के विकास के खतरे में गर्भवती महिला को ट्रिज करने में मदद करता है, के स्तर को मापने के लिए फिन्गर प्रिक से खून के एक बूंद का उपयोग करता है।
- इन्सूडेक्स, टाइप–1 मधुमेह वाले रोगियों में ऑटो एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए, एक तेज, प्वाइंट–ऑफ–केयर टेस्ट है। यह परीक्षण पार्श्व प्रवाह प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है और टाइप–1 मधुमेह के साथ जीएडी 65, इसुलिन एंटीबॉडी और आइलेट सेल एंटीबॉडी जैसी सामान्य एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए फिंगर प्रिक नमूना पर आधारित है।

कम्पनी गर्भकालीन मधुमेह (जीडीएम), प्री–एक्लम्पसिया (पीई), टाईप 2 मधुमेह और ऑटोइम्यून मधुमेह की निगरानी के लिए अभिनव, उपन्यास, प्वाइंट–ऑफ–केयर परीक्षण विकसित करने के क्षेत्र में तत्पर है। कपनी के पास कई राष्ट्रीय और वैश्विक पेटेंट्स हैं।

कुल परियोजना लागत

25.77 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

5.00 करोड़ रू.

मैसर्स सिस्टमेंटिक्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर

31 मार्च, 2017 को करार पर हस्ताक्षर

परियोजना का नाम

औद्योगिक रोबोट्स का डिजाईन, विकास और निर्माण

क्षेत्र

अभियांत्रिकी

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने मैसर्स सिस्टमेंटिक्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ "औद्योगिक रोबोट्स का डिजाईन, विकास और निर्माण" की परियोजना के लिए करार पर हस्ताक्षर किया।

कंपनी स्थायी आधार पर मानवशक्ति द्वारा नहीं किये जा सकने वाले कठिन कार्यों के लिए भारतीय उद्योग द्वारा स्वचालन को व्यापक तौर पर अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए औद्योगिक रोबोट्स का निर्माण करने के लिए घरेलु औद्योगिकीयों के आधार पर सुविधाएं स्थापित कर रही है, परन्तु यह उन कार्यों के लिए नहीं है जो मानव निर्णय से लाभान्वित होते हैं और जिसके लिए मानव श्रम कारगर एवं समग्र है। प्रस्तावित उत्पाद कि एक 4–अक्ष रोबोट, व्यक्त 6–अक्ष (ए6ए) रोबोट और उन्नत 6 अक्ष (एच6ए) सहित 6 अक्ष और 1.5 मीटर पहुंच एवं 10 से 20 किलो ग्राम के बीच लोड वाला एक प्लैनर समानान्तर मैनिपूलेटर (पीपीएम) है।

सिस्टमैंटिक्स, औद्योगिक रोबोटिक्स के क्षेत्र में काम करता है जो कि एक ऐसा बाजार है जो भारत और दुनिया भर में काफी बढ रहा है। यह कम लागत और अधिक सामर्थ्य वाले रोबोटिक्स के अधिक उपयोग के बाजार की आवश्यकता को परिभाषित करता है। इसका प्रस्तावित मूल्य लक्षित बाजार के साथ प्रतिध्वनित होता है, और इसका विजन और मिशन भारत सरकार के "मेक इन इंडिया" पहल के अनुरूप है। इलेट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर में नवीन धारणा का उपयोग करते हुए यह घरेलु तौर पर विकसित एक अभिनव, पेटेंटेड तकनीक है जिससे कि लागत कम हो जाती है और अधिक कुशलता प्राप्त होती है।

कुल परियोजना लागत

8.20 करोड़ रू.

टीडीबी की सहायता

4.10 करोड़ रू.

प्रोन्नति संबंधी गतिविधियां

प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय पुरस्कार 2016 (11 मई, 2016)

प्रौद्योगिकी दिवस 2016 का आयोजन 11 मई, 2016 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "स्टार्टअप इंडिया के लिए प्रौद्योगिकी समर्थक" के थीम के साथ किया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। डॉ. हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव, डीएसटी एवं अध्यक्ष, टीडीबी ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के विषय को उद्धृत किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए माननीय राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारे राष्ट्र के समर्पित वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के अथक प्रयास और मिशिनरी उत्साह है जिसने भारत का एक प्रौद्योगिकी शक्ति के रूप में उभरने का मार्ग प्रशस्त किया। अब हम, हमारे लाखों देशवासियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ एक तकनीकी क्रांति के लिए काम कर रहें हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस वैज्ञानिक जांच और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए हमारी खोज का प्रतीक और एक एकीकृत वैज्ञानिक, सामाजिक और औद्योगिक दृष्टिकोण में उस खोज का अनुवाद का प्रतीक है। यह न केवल हमारे तकनीकी नवाचारों को दर्शाता है बल्कि बड़े पैमाने पर लोगों के लिए श्रमसाध्य शोध के सफल वाणिज्यीकरण को दर्शाता है।

माननीय राष्ट्रपति ने देश की उपलब्धि पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत धीरे–धीरे वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों में उच्च स्थान पाने की ओर बढ़ रहा है। यह अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल है। इसरो के पोलर सेटेलाईट लॉच विहाईकल ने हाल ही में अपने 35वें उड़ान में 1425 किलो के उपग्रह को उसकी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। उन्होनें भारत के तमाम अंतरिक्ष वैज्ञानिक समुदाय को इस अनोखे उपलब्धि के लिए बधाई दिया। उन्हेंने जोर देकर कहा कि हमें यहां रूकना नहीं चाहिए क्योंकि यह उपलब्धि हमें मौजूदा प्रौद्योगिकीयों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान में होने वाले बदलाव के साथ, केवल प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में तकनीकी बढ़त हासिल करने वाले देश ही सफल होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि नवीनता, स्थिरता का प्रतिरोधक है। हमारे देश के युवा विचारों और उद्यमों से भरे हुए हैं। वे आम आदमी की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहें हैं।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार–2016

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटीडी) के स्मिता रिसर्च लैब और अन्तराष्ट्रीय रिसर्च सेंटर फॉर पॉवर मेटालर्जी एवं न्यू मैटेरियल (एआरसीआई), हैदराबाद के सहयोग से विकसित एन9 शुद्ध सिल्वर के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण के राष्ट्रीय पुरस्कार मैसर्स रेसिल केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, बेंगलोर को दिया गया।

मैसर्स रेसिल केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर को राष्ट्रीय पुरस्कार

एन9 शुद्ध सिल्वर अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित चांदी आधारित एक रोगाणुरोधक है जिसका इस्तेमाल कपड़ा और अन्य सबस्ट्रेट्स पर प्रभावी ढ़ंग से किया जा सकता है। यह निकास, पैडिंग, स्प्रेइंग, मोल्डिंग और कोटिंग प्रकियाओं के माध्यम से लागू करने में आसान होने के अलावा त्वचा और पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। एक रोगाणुरोधी के रूप में यह न केवल ईलाज की सहत को स्वच्छ रखता है बल्कि वस्त्रों को गंध मुक्त और ताजा रखने का एक सुरक्षित और प्राकृतिक तरीका भी प्रदान करता है।

भारत के राष्ट्रपति द्वारा ट्रॉफी एवं 10.00 लाख रू. का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के वाणिज्यीकरण के लिए एसएसआई यूनिट–2016 पुरस्कार

माननीय राष्ट्रपति ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए एसएसआई यूनिट–2016 पुरस्कार भी प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रत्येक को एक ट्रॉफी और 5 लाख रू. का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार दिये गये:

1. मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रिक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर को समग्र इन्सूलेशन के साथ डिजीटल उच्च आवृत्ति एक्स–रे जेनरेटर के आधार पर विकसित लागत प्रभावी हस्त आयोजित बैटरी संचालित पोर्टेबल एक्स–रे मशीन के विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए दिया गया। यह उत्पाद लिथियम–आयन बैटरी पर काम करता है और इसका उपयोग उन स्थानों पर भी किया जा सकता है जहां बिजली उपलब्ध नहीं है।

मैसर्स आयटोम इलेक्ट्रि इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर को एसएसआई यूनिट पुरस्कार

मैसर्स तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड, बैंगलोर को एसएसआई यूनिट पुरस्कार

2. मैसर्स तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड, बैंगलोर को टीजे1400 – पैकेट ट्रांसमिशन नोड – मोबाईल बेस–स्टेशन कनेक्टिविटी (2जी, 3जी, और 4जी के लिए), उद्यम डेटा सेवा और बैंडविड्थ सेवाओं के लिए आधुनिक फाइबर–आप्टिक ट्रांसमिशन नेटवर्क्स में तैनात किए गये, अभिनव, उच्च क्षमता, फाइबर ऑप्टिक नेटवर्किंग उत्पादों का एक परिवार के वाणिज्यीकरण के लिए दिया गया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस – प्रमोचित उत्पाद

डा. हर्षवर्धन, माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा मैसर्स एक्वाएग्री प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा समुद्री शैवाल से विकसित उत्पाद को 11 मई, 2016 को प्रौद्योगिकी दिवस–2016 के दौरान विज्ञान भवन में वाणिज्यीक प्रमोचन किया गया। हालांकि, यह परियोजना वर्श 2015–16 के दौरान पूर्ण हो चुकी थी।

डॉ. हर्शवर्धन, माननीय मंत्री (एस एंड टी एवं ईएस) द्वारा मैसर्स एक्वाएग्री प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा विकसित "सीवीड एक्वासैप" नामक उत्पाद का प्रमोचन

मैसर्स एक्वाएग्री प्रोसेसिंग प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में सव्यं–सहायता समूहों के माध्यम से समुद्री शैवाल की खेती करने वाली भारत की पहली कम्पनी है। उत्पादकों का निर्माण एक पूर्व नियोजित कीमतों पर किया जाता है एवं इसे खाद्य एवं सौदर्य प्रसाधनों में उपयोग के लिए तैयार किया जाता है। यह सीएसएनसीआरआई, सीएसआईआर के स्वदेशी विकसित पेटेंट प्रकिया लाईसेंस पर आधारित है। एक्वाएग्री, मिट्टी, पत्ते एवं ड्रिप सिंचाई के लिए तरल और पाउडर के रूप में जैव–उत्तेजक, कई स्वरूपों में उपलब्ध कराता है। इन जैव–उत्तेजकों की जांच कृशि अनुसंधान प्रणाली द्वारा कई स्थानों में फसलों पर बड़े पैमाने पर की जा चुकी है और उपज और फसल, दोनों की गुणवत्ता में सुधार लाने की प्रभावकारिता को माना गया है।

पुरस्कार समारोह के बाद, डा. हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने विज्ञान भवन में टीडीबी से सहायता प्राप्त कम्पनीयों के प्रदर्शन का उद्घाटन किया जिसमें कि टीडीबी की सहायता से विकसित स्वदेशी नवोन्मेशी उत्पादों को दिखाया गया।

टीडीबी का 20वां स्थापना दिवस (1 एवं 2 सितम्बर, 2016)

1 सितम्बर, 2016 को टीडीबी ने अपना 20वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर, 1 एवं 2 सितम्बर, 2016 "तकनीकी और अभिनव के माध्यम से वाणिज्यीकरण" के विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय के रूप में निम्नलिखित छः क्षेत्रों को चुना गया था: i) रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की जटिलताएं, ii) साईबर सुरक्षा (आईटी), आसन्न जोखित एवं संभावित समाधान, iii) रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स को दैनिक जीवन में एकीकृत करना, iv) नैनोविज्ञान एवं नैनोतकनीक: अतीत से वर्तमान, v) स्वच्छ एवं ग्रीन ऊर्जा : क्या हम मुद्दों पर गंभीर हैं, vi) स्वास्थ्य क्षेत्र में औद्योगिक हलचल। संगोष्ठी का समापन सत्र प्रौद्योगिकी नीति संरेखण पर था। सभी सत्र के लिए वक्ताओं को आध्यात्मिक और औद्योगिक क्षेत्र से आमंत्रित किया गया था। व्याख्यान के अलावा, इंडस्ट्रीज, डीआरडीओ, आर एंड डी संस्थान, नीति आयोग, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के बीच पैनल डिस्कशन भी हुआ।

1 सितम्बर, 2016 को संगोष्ठी का उद्घाटन प्रो. आशुतोष शर्मा, अध्यक्ष, टीडीबी द्वारा किया गया तदुपरान्त टीडीबी के प्रथम सचिव श्री एस. बी. कृष्णन द्वारा "टीडीबी की 2 दशकों की यात्रा" "इतिहास और दर्शन" और डॉ. वाराप्रसाद रेड्डी, पूर्व सीएमडी, शांता बायोटेक्निक्स द्वारा व्याख्यान भी दिया गया। श्री वाय. एस. चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एंव पृथ्वी विज्ञान द्वारा मुख्य भाषण दिया गया।

टीडीबी का 20वां स्थापना दिवस (यात्रा के दो दशक)

अन्य वक्ताओं – a) प्रोफ. रमेश चन्द, सदस्य नीति आयोग, b) प्रो. आशुतोष शर्मा, अध्यक्ष, टीडीबी, c) श्री अजय श्रीवास्तव, एमडी, मैसर्स डायमेंशन्स, d) श्री बी. के. जैन, विश्व हाईड्रोजेल, और e) इती गुप्ता, फिक्की के साथ "प्रौद्योगिकी नीति संरेखण" शीर्षक वाले अंतिम सत्र की अध्यक्षता डॉ. बिन्दु डे, सचिव, टीडीबी ने की थी। इस सत्र का उद्देश्य भारतीय प्रौद्योगिकी परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमारे दृष्टिकोण के आवश्यक मूल्यों को समझना और कार्यान्वित करना था।

उद्योगों के साथ पारस्परिक बैठकें

टीडीबी ने उद्योगों, संभावित उद्यमियों और प्रौद्योगिकी प्रदानकर्ताओं के साथ उद्योग संघों और आर एंड डी संगठनों इत्यादि के साथ बहुत सी बैठकें आयोजित की। टीडीबी ने विभिन्न प्रदर्शनियों में भी भाग लिया।

इन बहुविध प्लेटफॉर्मों के माध्यम से टीडीबी ने उद्योगों, आर एंड डी संगठनों, अकादमी संस्थानों, वैज्ञानिक और औद्योगिक शोध संगठनों इत्यादि में विशेषकर देश में विकसित प्रौद्योगिकी के लिए उनके वाणिज्यीकरण प्रयासों के लिए आसान शर्तों पर टीडीबी से वित्तीय सहायता की उपलब्धता के बारे में जागरुकता फैलाती है।

टीडीबी ने देश भर में फैले चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, ट्रेड संघों एवं संस्थानों के घनिष्ठ समन्वय में कार्यशालाएं आयोजित की और भागीदारी की। टीडीबी के अधिकारियों ने वर्ष 2016–17 के दौरान प्रदर्शनियों में भाग लिया और उद्योगों एवं संस्थानों के साथ कई पारस्परिक बैठकें आयोजित की।

टीडीबी ने इंडिया अफ्रीका दिवस पर्व 2016 में भागीदारी की (22 अप्रैल, 2016)

टीडीबी ने पीएसओआई क्लब इवेंट लॉन्स, विनय मार्ग, चाणक्यपुरी डिप्लॉमेटिक इन्कलेव, नई दिल्ली में एएसएएचओएम आयोजित, इंडिया अफ्रिका डेय गाला 2016 में 22 अप्रैल, 2016 में भागीदारी की।

यह कार्यक्रम, अफ्रिका के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और व्यवसायिक संबंधों को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए एक सामाजिक मंच था। यह ब्रांडिंग, विपणन और प्रदर्शन के माध्यम से एक मजबूत व्यापार अवसर प्रदान करता है। कई गणमान्य व्यक्ति (मंत्री, सांसद, पूर्व राजदूत, थिंक टैंक, एनजीओ), विदेश मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय/सलाहकारों के साथ अफ्रिका के 37 उच्चायुक्त एवं राजदूत, अफ्रीका के 17 माननीय कन्सूलेट्स, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (जाने माने पीएसयूएस के सीएमडी), इंडियन इंडस्ट्री चैम्बर्स, प्राइवेट सेक्टर कम्पनीज, यूनिवर्सिटीज, शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों आदि ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

यह टीडीबी और उसकी निवेशित कम्पनियों के लिए अपने प्रौद्योगिकीयों के प्रदर्शन करने का एक अच्छा अवसर था, जो व्यवसाय विस्तार के अवसर प्रदान करता है।

स्वास्थ्य देखभाल / कृषि के लिए एक नए उर्ध्वाधर के रूप में एक क्लस्टर स्थापित करने (अफ्रीका गठबंधन) के लिए केन्या की यात्रा

तीसरे भारत–अफ्रिका मंच शिखर सम्मेलन (अक्टूबर, 2015) की सफलता और राजनयिकों की बातचीत ने आपसी सशक्तिकरण और पुनरूत्थान के लिए इस गठबंधन के विस्तार की आवश्यकता को मजबूत बनाया। ऐसा एक क्षेत्र – स्वास्थ्य देखभाल / कृषि / कृषि उपकरणों के निर्माण की गतिविधियों के लिए विनिर्माण क्लस्टर / इकाईयां है जिसमें रूचि दिखाई गयी है।

इस पृष्ठभूमि के साथ, टीडीबी ने फिक्की के सहयोग से 8–11 जूलाई, 2016 के दरम्यान माननीय प्रधानमंत्री के पहले केन्या दौरे के दौरान एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस प्रयास में टीडीबी को कई औद्योगिक इकाईयों का साथ मिला जिसको अफ्रिकी सरकार और उद्योग से एक प्रभावशाली प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। भारतीय उद्यमियों ने भारत सरकार के अधिकारियों, फिक्की, केन्या, अन्य प्रतिभागी देशों और निजी क्षेत्र के महासंघों के माध्यम से अफ्रिका में अपनी प्रौद्योगिकी और नवीनताओं को नियुक्त करने और उनका वाणिज्यीकरण करने के लिए बातचीत की।

आन्ध्र प्रदेश सरकार के आर्थिक विकास बोर्ड (ईडीबी) के साथ समझौता ज्ञापन

भारत सरकार ने वर्ष 2014 में भारत को एक वैश्विक डिजाइन एवं विनिर्माण केंन्द्र के रूप में बदलने के लक्ष्य के साथ "मेक इन इंडिया" की शुरूआत की। यह पहल, घरेलू एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को अपने उत्पादों का निर्माण भारत में करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य गैर जरूरी प्रकियाओं और नीतियों में सुधार के द्वारा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर वैश्विक स्तर पर भारत को एक आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना है। इस पहल के अनुरूप, टीडीबी, घरेलू–विकसित, व्यवसायिक रूप से व्यवहार्य प्रौद्योगिकीयों / उत्पादों और स्पष्ट परिणाम वाले परियोजनाओं के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पृष्ठभूमि के साथ, टीडीबी ने वर्ष के शुरूआत में "मेंक इन इंडिया" के तहत चिह्नित सामरिक महत्व क्षेत्रों में "प्रस्ताव के लिए कॉल" जारी किया जिसमें विशेशतः इमेजिंग अपकरण (जैसे सीटी स्कैनर, एमआरआई मशीन आदि) सहित मेडिकल डिवाईस शामिल है।

इस विज्ञापन को कम्पनियों से एक अच्छी प्रतिकिया मिली। इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए, टीडीबी ने 2700 एकड़ में फैले मेडिकल डिवाईस के स्वदेशी उत्पादन को प्राथमिकता देने वाले "आंध्र मेड टेक जोन" को सहायता उपलब्ध कराने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार से हाथ मिलाया। मेड टेक जोन में 25,000 करोड़ के निवेश सहित लगभग 20,000–25,000 नौकरियां उपलब्ध कराने वाली कम से कम 200–300 इकाईयों को समाहित करने का प्रस्ताव है।

टीडीबी ने आंध्र प्रदेश मेड टेक जोन में अपना उद्यम स्थापित करने वाले कम–से–कम 20 इकाईयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में अपनी रूचि दिखाई।

आंध्र प्रदेश सरकार के आर्थिक विकास बोर्ड (ईडीबी) और टीडीबी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

सोलन में "5वीं विज्ञान प्रर्दशनी 2016" में टीडीबी की भागीदारी (18–20 जूलाई, 2016)

सोलन, हिमाचल प्रदेश में 18–20 जूलाई, 2016 के दौरान संसा फाउंडेशन के द्वारा 5वां विज्ञान एक्सपो–2016 का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में जानने के लिए एक मंच प्रदान करना और अन्य हिस्सेदारों के साथ बातचीत करके अपने अनुभवों, ज्ञान और प्रयासों को साझा करने का अवसर प्रदान करना था। एक्सपो का उद्देश्य मुख्यत: हिमाचल प्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी और भौतिक स्तर पर विज्ञान के स्वभाव को विकसित करना था। टीडीबी ने प्रदर्शनी में भाग लिया और अपनी पिछले 20 वर्शों की सफलता की कहानियों को प्रदर्शित करने के साथ–साथ छात्रों और आम जनता को अपनी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। टीडीबी के अलावे, सीएसआईआर, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, कॉफी बोर्ड, राश्ट्रीय बागवानी बोर्ड, नारियल विकास बोर्ड, केन एवं बांस प्रौद्योगिकी केंन्द्र, बांबू विकास एजेंसी, मिजोरम, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, निर्यात निरीक्षण परिषद, भारत जैसे अन्य विभागों में भी एक्सपों में भाग लिया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन शिमला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रो. ए. डी. एन. वाजपेयी ने किया। शहर और अन्य राज्यों के स्कूली बच्चे और कॉलेज के छात्रों में प्रदर्शनी की दौरा किया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी हासिल की। विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा "हाइड्रोलिक एलिवेटर", "इलेक्ट्रिक फैन", "ट्रैफिक लाइट्स के बिना सड़क", "वर्षा अलार्म" आदि जैसे अभिनव मॉडलों की प्रदर्शनी सबसे आकर्षक थी। कई आगंतुकों ने मॉडलों की सराहना की और इसे काम करता हुआ देखने की उत्सुकता जाहिर की। बड़ी संख्या में आगंतुकों ने टीडीबी की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की।

प्रगति मैदान, नई दिल्ली मे "गवरमेंट एचिवमेंट एंव स्कीम्स एक्सपों–2016" (22–24 जुलाई, 2016)

टीडीबी ने हॉल सं. 7, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 22–24 जूलाई, 2016 के दौरान एनएनएस इवेंट्स एंड एक्जीबिशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित "गवरमेंट एचिवमेंट एंव स्कीम्स एक्सपों–2016" में भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य केंद्रीय और राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, संस्थानों, बोर्डों, निकायों, आदि की उपलब्धियों, कल्याण एवं विकास योजनाओं और उत्पादों / सेवाओं आदि का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना था।

प्रदर्शनी का उद्घाटन, माइक्रो, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री हरिभाई पार्थिभाई चौधरी द्वारा किया गया। माननीय मंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया और प्रदर्शकों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर बोलते हुए, इस तरह के कार्यक्रमों से सरकार के विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ने की बात का उल्लेख किया। केंद्रीय और राज्य सरकार के कई गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

टीडीबी के स्टॉल में इसके द्वारा पिछले 20 साल की उपलब्धियों को दर्शाया गया। आगंतुकों की एक बड़ी संख्या ने टीडीबी की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की और उन्हें टीडीबी को परियोजना वित्तपोषण निर्देशिका प्रदान की गई। टीडीबी की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बनाने के लिए टीडीबी ब्रोशर भी दर्शकों के बीच वितरित किया गया।

एक्सपो को दर्शकों से एक उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। शहर और अन्य राज्यों के स्कूली बच्चे और कॉलेज के छात्रों में प्रदर्शनी की दौरा किया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी हासिल की। करीब 100 से अधिक प्रदर्शकों ने एक्सपों में हिस्सा लिया।

वाइब्रेन्ट गुजरात ग्लोबल समिट 2017 के दौरान आयोजित नोबेल प्राईज सीरिज इंडिया 2017 में टीडीबी की भागीदारी

जैवप्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) ने 9 एवं 10 जनवरी, 2017 को गांधीनगर में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के 8वें चरण के दौरान पहली नोबेल पुरस्कार श्रृंखला भारत 2017 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन, भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। इस आयोजन ने भौतिक, रसायन और जैविक विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता 9 प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिको की मेजबानी की। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में छात्रों के बीच विज्ञान में नवीनता, रचनात्मक सोच और लगाव को बढ़ावा देना था।

कृषि तकनीक वाणिज्यीकरण प्लेटफॉर्म

टीडीबी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) और तकनीकी सूचना पूर्वानूमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) के साथ संयुक्त कार्यशालाओं, सेमिनार और सम्मेलनों का आयोजन करके वाणिज्यीकरण वाले नवाचार के लिए एक पायलट क्षमता निर्माण के पहल कि लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, ये संस्थान खेती–भूमि उत्पादकता में सुधार के लिए "कृषि तकनीकी आधारित नवाचारों के स्काउटिंग और सोर्सिंग" के क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। कार्यक्रम, वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करने के प्रधानमंत्री के पहल के अनुरूप है।

इस पृष्ठभूमि के साथ, दो एग्री–टेक वाणिज्यीकरण प्लेटफॉर्म कार्यशालाओं का आयोजन दिल्ली एवं कोयम्बटूर में किया गया।

एनएएससी परिसर, पूसा में कृषितकनीक वाणिज्यीकरण कार्यशाला (18–20 जनवरी, 2017)

टीएनएयू, कोयम्बटूर में कृषि–तकनीक वाणिज्यीकरण कार्यशाला (24–25 जनवरी, 2017)

कार्यशालाओं में टीडीबी की वित्तपोषण निर्देशिका के एक संक्षिप्त अवलोकन के साथ परियोजना प्रस्ताव लेखन के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल था। प्रतिभागियों ने अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत की जिन्हें टीडीबी से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए उनकी योग्यता के लिए मूल्यांकित किया गया। कुल 32 प्रस्तुतिकरण किए गए (6 नई दिल्ली में और 26 कोयम्बटूर में) जिनमें से 13 परियोजनाएं टीडीबी से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए उपयुक्त पाये गए।

"विजन जम्मू एवं कश्मीर प्रदर्शनी–2017" में टीडीबी की भागीदारी (23–25 फरवरी, 2017)

टीडीबी ने संसा फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा जम्मू में दिनांक 23–25 फरवरी, 2017 के दौरान आयोजित "विजन जम्मू एंड कश्मीर–2017" में भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास के लिए एक राज्य में एक उद्योग अनुकूल वातावरण स्थापित करने में सरकार के प्रयासों में मदद करने का था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय सांसद (राज्य सभा) एवं जेएंडके सरकार के माननीय मंत्री श्री श्याम लाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आगंतुकों की एक बड़ी संख्या ने टीडीबी की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की।

प्रौद्योगिकी विकास कोष योजना के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
(6 मार्च, 2017)

डीआरडीओ ने निजी उद्योगों के माध्यम से अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए और उच्च जोखिम वाले विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) की स्थापना की है। टीडीएफ की स्थापना "मेक इन इंडिया" पहल के तहत रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत, उत्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, आर एंड डी की लागत के बोझ को कम करके उद्योगों को उच्च तकनीकी क्षेत्रों में विकास गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। सितंबर, 2016 में डीआरडीओ द्वारा जारी टीडीएफ, निजी उद्योगों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए बाध्य है।

डॉ. बिन्दु डे, सह–अध्यक्ष, गीता और श्री एम. एच. रहमान, सीसी आर एंड डी टी एम, डीआरडीओ, एमओडी, भारत सरकार ने प्रौद्योगिकी विकास कोष योजना के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

टीडीएफ कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रौद्योगिकी विकास को शामिल किया गया है:

- वर्तमान उत्पाद / प्रक्रिया / आवेदन आदि में महत्वपूर्ण सुधार / उन्नयन / विकास
- ट्राई–सीरिज आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादों की प्राप्ति के लिए टीआरएल–3 से प्रौद्योगिकी रेडीनेस स्तर (टीआरएल) तक उन्नयन
- रक्षा उपयोगिता के लिए जरूरी भविष्य की तकनीक / नवीन उत्पादों का विकास
- भारतीय उद्योग के पास नही उपलब्ध तकनीक के घटक का आयात प्रतिस्थापन

वेबसाईट: www.tdb.gov.in

अनुसंधान एवं विकास उपकर

अनुसंधान एवं विकास उपकर अधिनियम 1986 यथा संशोधित 1995 को प्रौद्योगिकी के आयात के लिए सभी भुगतान पर लेवी और उपकर के समाहरण करने के लिए बनाया गया है। उपकर की दर 5 प्रतिशत है। औद्योगिक इकाईयां जो कि ऐसे आयातों के लिए भुगतान करने अथवा भुगतान किए जाने से पूर्व प्रौद्योगिकी आयात करती हैं, पर उपकर देय होता है। यह उपकर भारत के संचित निधि में जमा होता है। इसको देश में विकसित प्रौद्योगिकी के वाणिज्यीकरण और विदेशी प्रौद्योगिकी को वृहत रुप से घरेलू उपयोग के लिए अपनाए जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एकत्र किया जाता है।

भारत सरकार, उपकर समाहरण विनियोजन के माध्यम से प्रौद्योगिकी विकास और उसके प्रयोग के लिए फंड का भुगतान करती है जिसे देश में विकसित प्रौद्योगिकी के विकास एवं वाणिज्यीकरण और आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने के लिए उपयोग किया जाता है। यह निधि प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड द्वारा प्रशासित की जाती है।

उपकर, समाहरण एवं भुगतान (1997 – 2017)

निम्नलिखित सारणी 1996–97 (जिस वर्ष प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, भारत सरकार द्वारा गठित किया गया) से वर्षवार उपकर समाहरण, टीडीबी को आवंटन तथा भुगतान को दर्शाती है:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	उपकर समाहरण (सी.जी.ए. के आंकड़े)	टीडीबी को आवंटन		टीडीबी को किया गया वास्तविक भुगतान
		अनुमानित बजट	संशोधित बजट	
1996–97	80.13	30.00	30.00	29.97
1997–98	81.42	70.00	70.00	49.93
1998–99	61.10	50.00	50.00	28.00
1999–00	88.93	70.00	70.00	50.00
2000–01	98.91	70.00	70.00	62.79
2001–02	95.30	63.00	63.00	57.00
2002–03	99.47	58.00	58.00	56.00
2003–04	119.51	55.00	55.00	53.65
2004–05	156.99	54.00	54.00	48.10
2005–06	176.61	43.50	43.50	42.66
2006–07	186.56	33.50	33.50	4.32
2007–08	254.09	63.00	20.80	19.00
2008–09	310.33	20.80	20.80	–
2009–10	418.22	50.00	10.00	–
2010–11	592.22	50.00	5.00	5.00
2011–12	702.54	50.00	25.00	–
2012–13	685.62	50.00	25.00	22.50
2013–14	737.54	50.00	15.00	13.50
2014–15	906.78	211.06	7.50	6.75
2015–16	914.81	100.00	38.79	30.00
2016–17	1187.24	100.00	10.30	30.30
कुल	**7974.32**	**1341.86**	**775.19**	**609.47**

वर्ष 1996–2017 की अवधि के दौरान अनुसंधान एवं विकास उपकर समाहरण के कुल 7974.32 करोड़ रु. में से सरकार ने 21 वर्षों (1996–2017) के दौरान टीडीबी को 609.47 करोड़ रु. की संचित राशि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के गैर–योजना व्यय में से अनुदान सहायता के रुप में उपलब्ध कराया गया।

प्रशासन

वार्षिक रिपोर्ट और परीक्षित लेखे

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम 1995 के अध्याय 12 में यह उल्लेख है कि बोर्ड अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की गतिविधियों का पूरा वर्णन किया जाएगा। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम के धारा 13 (4) के अनुसार बोर्ड केन्द्र सरकार को लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ अपनी लेखाओं की लेखा परीक्षित प्रति प्रस्तुत करेगा।

टीडीबी की वर्ष 2015–16 की वार्षिक रिपोर्ट सहित वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षित प्रति राज्य सभा एवं लोक सभा के पटल पर क्रमशः दिनांक 22.03.2017 और 23.03.2017 को रख दी गई है।

टीडीबी सचिवालय

नए पदधारी

सीडीआर. स्मृति त्रिपाठी (रिटा.) ने 3 फरवरी, 2017 से अवशोसन के आधार पर अवर सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का कार्यभार ग्रहण किया।

आयकर छूट

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), नई दिल्ली ने टीडीबी को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10[23सी (iv)], के तहत आकलन वर्ष 2000–01 और आगे के लिए 18 मई, 2007 एवं 21 मई, 2007 को जारी अधिसूचना सं. 173/2007 के तहत छूट प्रदान की है।

राजभाषा कार्यान्वयन

टीडीबी ने अपने गठन के समय से सरकार के राजभाषा संबंधी विभिन्न प्रावधानों को कार्यान्वित किया है और अधिसूचनाएं, वार्षिक रिपोर्ट, परियोजना वित्तपोषण दिशा निर्देश, ब्रोशर्स, वाउचर्स इत्यादि को हिन्दी एवं अंग्रेजी रुप में मुद्रित किया है। विभिन्न प्रदर्शनियों में दर्शाए जाने वाली प्रदर्शन संबंधी वस्तुओं / पैनलों को हिन्दी एवं अंग्रेजी में तैयार किया गया है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड खातों का लेखापरीक्षित वार्षिक विवरण वर्ष 2016–17 के लिए

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च, 2017 की स्थितिनुसार तुलन–पत्र

(राशि रु. में)

कॉरपस / कैपिटल फंड और दायित्व	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
कॉरपस / कैपिटल फंड	1	9,96,70,13,160	9,41,88,62,234
रिजर्व और सरप्लस	2	-	
निर्धारित / इनडॉवमेंट फंड	3	4,94,47,559	5,79,11,687
सुरक्षित ऋण और लेनदारी	4	-	-
असुरक्षित ऋण और लेनदारी	5	-	-
आस्थगित क्रेडिट दायित्व	6	-	-
वर्तमान दायित्व और प्रावधान	7	1,01,00,919	99,92,974
कुल		**10,02,65,61,638**	**9,48,67,66,895**
परिसम्पत्तियाँ			
निर्धारित परिसम्पत्तियाँ	8	42,79,480	44,04,313
निर्धारित इनडॉवमेंट फंड में निवेश	9	65,99,000	65,99,000
निवेश – अन्य	10	2,23,04,81,571	2,20,16,73,340
वर्तमान परिसम्पत्तियाँ, ऋण, अग्रिम इत्यादि	11	7,78,52,01,587	7,27,40,90,242
विविध खर्चे (छूट न दिए जाने अथवा समायोजित न किए जाने की सीमा तक)			
कुल		**10,02,65,61,638**	**9,48,67,66,895**
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	24		-
आकस्मिक दायित्व और लेखों पर टिप्पणियाँ	25		-

-ह-
(डा. बिन्दु डे)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

-ह-
(प्रो. आशुतोष शर्मा)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की आय एवं व्यय का लेखा

(राशि रु. में)

आय	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
बिक्री / सेवाओं से आय	12	-	-
अनुदान / सब्सिडी	13	30,30,00,000	30,00,00,000
फीस / अंशदान	14	-	-
निवेश से आय (ईयरमार्क्ड/इनडोव में निवेश पर आय)	15	-	-
राजस्व, प्रकाशन आदि से आय	16	67,73,214	30,10,762
अर्जित ब्याज	17	53,87,59,669	53,30,85,105
अन्य आय	18	50,17,730	7,64,349
पूर्ण हो चुकी और चल रही मदों में वृद्धि/गिरावट	19	-	-
कुल (क)		**85,35,50,613**	**83,68,60,216**
व्यय			
स्थापना व्यय	20	2,29,91,710	1,84,62,366
अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	21	21,57,98,678	4,84,49,413
अनुदान, सब्सिडी इत्यादि पर व्यय	22	5,94,00,000	11,09,89,391
ब्याज	23	-	-
मूल्यह्रास (अनुसूची 8 के तदनुसार वर्ष के अंत तक सकल योग)		9,31,994	5,70,221
कुल (ख)		**29,91,22,382**	**17,84,71,391**
व्यय पर आय में अधिकता (क–ख)		55,44,28,231	65,83,88,825
पहले की अवधि का समायोजन		2,715	(55,52,351)
जनरल रिजर्व में स्थानांतरण		-	-
कॉरपस फंड में दिया गया अतिरिक्त कोष		**55,44,30,946**	**65,28,36,474**
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	24	-	-
आकस्मिक दायित्व और लेखों पर टिप्पणियाँ	25	-	-

-ह-
(डा. बिन्दु डे)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

-ह-
(प्रो. आशुतोष शर्मा)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की प्राप्तियाँ एवं भुगतान का लेखा

(राशि रु. में)

प्राप्तियाँ		वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
आरंभिक कोष			
	लघु अवधि जमा में निवेश	43,20,00,000	52,02,08,332
	सुलभ नकद	1,23,557	13,037
	बैंक में नकद	30,63,97,743	23,01,73,455
	डीएफआईडी – इन्वेन्ट	2,91,67,365	36,158
प्रौद्योगिकी विकास एवं आवेदन के लिए फंड			
i.	टी डी फंड	30,30,00,000	30,00,00,000
ii.	लघु अवधि जमा पर ब्याज	350,21,306	4,86,38,653
iii.	ऋण पर ब्याज	12,63,82,620	6,18,71,525
iv.	राजस्व पर ब्याज	1,92,459	1,12,916
v.	अनुदान पर ब्याज	6,39,153	1,60,588
vi.	ऋण की अदायगी	28,46,97,567	30,65,72,805
vii.	राजस्व	67,73,214	30,08,066
viii.	दान	1,03,000	22,000
ix.	बचत खातों पर ब्याज (ईपीएफ खाते सहित)	39,97,235	35,39,169
x.	कर्मचारियों को अग्रिम	-	-
xi.	विविध प्राप्तियाँ	1,13,877	80,395
xii.	सिक्यूरिटि जमा प्राप्ति / अग्रिम	-	-
xiii.	वेतन से वसूली	19,65,154	17,33,511
xiv.	यूटीआई–एसेन्ट इंडिया फंड एवं आईटीवीयूएस	75,35,816	-
xv.	जीवीएफएल	-	-
xvi.	लाभांश	48,00,853	14,79,656
xvii.	सिडबी वेंचर फंड	57,54,569	85,68,716
xviii.	वेंचर ईस्ट टीनेट फंड	91,69,046	97,13,180
xix.	अन्य प्राप्तियाँ	3,588	52,722
xx.	डीएफआईडी – इन्वेंट	-	3,02,36,072
कुल		**1,55,78,38,122**	**1,52,62,20,956**

-ह-

(डा. बिन्दु डे)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

-ह-

(प्रो. आशुतोष शर्मा)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष की प्राप्तियाँ एवं भुगतान का लेखा

(राशि रु. में)

भुगतान		वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
स्थापना व्यय			
i.	वेतन	2,08,70,215	1,71,56,588
